## डीयू के प्रोफेसरों को पांच महीने से नहीं मिल रही सैलरी, भाजपा ने मुख्यमंत्री आवास पर दिया धरना

**नई दिल्ली।** भाजपा के विधायकों ने मुख्यमंत्री आवास पर धरना प्रदर्शन किया। विधायकों का कहना है कि दिल्ली सरकार दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर को सैलरी नहीं दे रही है। जिसकी वजह से प्रोफेसर बूट पॉलिश कर आजीविका चलाने को मजबूर हैं। जब शिक्षक ही सड़क पर उतर कर सैलरी के लिए प्रदर्शन करेंगे, तो दूसरे लोगों के क्या हालात होंगे। सिविल लाइन इलाके में मुख्यमंत्री आवास पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों की सैलरी की मांग को लेकर पहुंचे विधायक समर्थन में उतरे। सभी ने कहा कि एक तरफ तो दिल्ली सरकार सरकार अपने स्कूलों के अध्यापकों को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजकर उच्च शिक्षा मॉडल तैयार करने की बात करती है। वहीं, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सैलेरी ना मिलने के कारण 5 महीने से परेशान हैं। प्रोफेसर अपनी आजीविका चलाने के लिए बूट पॉलिश कर रहे हैं, ताकि सोई हुई दिल्ली सरकार जागे और 5 महीने से रुका हुआ उनका वेतन उनको मिले।

इस मामले पर दिल्ली भाजपा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह विधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार के खिलाफ धरना तब तक चलेगा जब तक प्रोफसरों को उनकी सैलरी नहीं मिलती। हम इसी तरह रोज दिल्ली सरकार के खिलाफ प्रदर्शन चलते रहेंगे। दिल्ली भाजपा को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अपने स्कूल के अध्यापकों को अच्छी ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजें और शिक्षा का अच्छा मॉडल तैयार करें। भाजपा केजरीवाल से इस बात का जवाब मांग रही है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों की सैलरी उन्हें समय पर क्यों नहीं दी जा रही है।




वहीं भाजपा विधायक अजय माहावर ने कहा कि केजरीवाल सरकार का दोहरा चरित्र इस तरह से सामने आ रहा है। अपने फायदे की बात को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल पर आरोप लगाते हैं, लेकिन जब दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर को सैलरी नहीं मिल रही है तो वह सामने आकर कोई जवाब नहीं देते।

# दिल्ली में इकोफ्रेंडली टूरिज्म स्थल बनाने की तरफ केजरीवाल सरकार ने उठाया एक और कदम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय नेअसोला भाटी अभ्यारण के अंतर्गत नीली झील इको टूरिज्म स्थल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर पर्यावरण को बेहतर बनाने और प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के साथ साथ इको फ्रेंडली टूरिज्म स्थल विकसित करने को लेकर माननीय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार हर उचित कदम उठा रही हैं। इसी दिशा में आज विश्व आदर्ता दिवस के अवसर पर केजरीवाल सरकार की तरफ से दिल्लीवालों को नीली झील इको टूरिज्म स्थल के रूप में यह भेंट दी जा रही है। दिल्ली के लोग परिवारों के साथ आकर यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आंनद ले सकते हैं। राय ने बताया कि नीली झील को इको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया गया है। जिसके लिए यहाँ पर पर्यटको के लिए बनाई गई सभी सुविधाओं में इकोफ्रेंडली मैटेरियल का इस्तेमाल किया गया है। उदहारण के लिए यहां पर सोलर सिस्टम द्वारा संचालित चार कृत्रिम झरने विकसित किए गए है। साथ ही यहां पर्यटकों के लिए एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। इसके साथ साथ पर्यटकों के लिए गोल्फकार्ट एवं इलेक्ट्रिक साईकिल की व्यवस्था उपलब्ध कराने और नीली झील के पास एक इको फ्रेंडली कैफेटेरिया का निर्माण करने के लिए विभाग के अधिकारियो को भी निर्देश जारी किए गए है।

उन्होंने नीली झील के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि नीली झील के आस-पास 40 हेक्टेयर क्षेत्र में इकोफ्रेडली विकास का काम किया गया है और अन्य सुविधाओं के अलावा इस क्षेत्र में पेड़ों और उनके महत्व के बारे में पर्यटकों को शिक्षित करने के लिए साइनेज की भी व्यवस्था की गई है। राय ने बताया कि नीली झील की गहराई 100 फीट है और यहां विभाग द्वारा चार कृत्रिम झरने विकसित किए गए हैं जो सोलर सिस्टम से चलते हैं। इन झरनों की खास बात यह है कि 100 फीट ऊँची जगह से पानी नीचे झील में पहुंचता है। कृत्रिम झरने के कारण नीली झील की सुंदरता काफी दर्शनीय हो गई है।

पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए नीली झील के आस-पास दर्शकों के



देखने के लिए सुरक्षित स्थान बनाया गया है और कृत्रिम झरने के पास ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। जिससे लोग अपनी यादों को कैमरे में कैद कर सकते हैं। साथ ही साथ सेल्फी प्वाइंट पर जाकर सेल्फी भी ले सकते हैं। राय ने पर्यटकों के लिए गोल्फ कार्ट एवं इलेक्ट्रिक साईकिल की व्यवस्था करने के निर्देश विभाग के अधिकारियो को जारी किए है। उन्होंने बताया कि जब तक यह व्यवस्था नहीं हो जाती तबतक पर्यटक अपने निजी वाहन से यहां आकर इसकी प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। नीली झील पर आने के लिए मुख्य तीन द्वार है। पहला तुगलकाबाद जो उपवन संरक्षक (दक्षिणी) कार्यालय के पास है, दूसरा गेट न. 10, जो कि छतरपुर होते हुए शनिधाम रोड पर स्थित है और तीसरा गेट नं. 7, जो कि गुरू जी मंदिर होते हुए अभ्यारण के अंदर को आता है। असोला भाटी वन्य जीवन अभ्यारण्य स्थित नीली झील इको टूरिज्म स्थल के प्रवेश द्वारा पर ही टिकट लेकर पर्यटक इस मनोरम स्थल का आनंद ले सकते हैं। आगे ऑनलाइन टिकट लेने की व्यवस्था भी की जाएगी।

गोपाल राय ने वन विभाग के द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे नीली झील के पास इको फ्रेंडली कैफेटेरिया के इंतजाम करें ताकि पर्यटकों को यहां पर घूमने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने बताया कि नीली झील के पास पर्यटन के लिए जितने भी निर्माण किए गए वे सभी लकड़ी, बांस आदि प्राकृतिक वस्तुओं से किए गए है। राय ने विभाग के अधिकारियों को नीली झील के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार दिल्ली के लोगों को ऐसी जगह देना चाहती हैं जहां लोग प्रकृति का आनंद ले सकें और साथ-ही आने वाली पीढ़ी को भी प्रकृति के बारे में जागरूक कर सके। केजरीवाल सरकार दिल्ली को और बेहतर बनाने तथा इकोलॉजिकल सुरक्षा के आधार पर दिल्ली का विकास करने के लिए तत्पर हैं।

## दिल्ली में सीआरपीएफ अफसर ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट बरामद नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक अस्सिटेंट सब-इंस्पेक्टर ने राष्ट्रीय राजधानी में कथित तौर पर अपनी सर्विस गन से खुद को गोली मार ली। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना शुक्रवार शाम करीब चार बजे की है। मृतक की पहचान 53 वर्षीय राजबीर सिंह के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, उन्हें इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक के आवास पर तैनात किया गया था। अधिकारी ने कहा, कोई सुसाइड



नोट बरामद नहीं हुआ है और आज पोस्टमॉर्टम किया जाएगा, इसके बाद शव परिवार के सदस्यों को सौंप दिया जाएगा।

## जामिया हिंसा मामले में शरजील इमाम समेत सभी आरोपी कोर्ट से बरी

**नई दिल्ली।** 2019 में जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में हुई हिंसा की घटनाओं से संबंधित एक मामले में दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र शरजील इमाम और सह-आरोपी आसिफ इकबाल तन्हा को आरोपमुक्त कर दिया। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प के बाद



हिंसा भड़क गई थी। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरुल वर्मा ने आदेश पारित किया। इमाम और तन्हा दोनों पर दंगा और गैरकानूनी असेंबली से संबंधित भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। अदालत ने मोहम्मद इलियास नाम के सह-अभियुक्तों में से एक के खिलाफ गैरकानूनी असेंबली और दंगा करने के आरोप तय किए। हालांकि इमाम को अभी भी जेल में रहना होगा, क्योंकि 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के मामले से संबंधित साजिश मामले में वह अरोपी है। उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत केस दर्ज है।

# दिल्ली जल बोर्ड ने समर एक्शन प्लान को लेकर विधायकों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने समर एक्शन प्लान को लेकर विधायकों के साथ बैठक की। विधायकों के साथ बैठक से समर एक्शन प्लान की तैयारी शुरू की गई है। उनके सुझाव से पानी का माइक्रो समर एक्शन प्लान तैयार होगा। इसके अलावा डीजेबी उपाध्यक्ष के निर्देशों पर डीजेबी की टीम ने वाटर डाटा बैंक तैयार किया है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि गर्मियों में बेहतर जल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए हर विधानसभा में कम जलापूर्ति वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है। समर एक्शन प्लान से जुड़े कार्यों के लिए डेडलाइन निर्धारित की गई है। बेहतर वाटर मैनेजमेंट से जल आपूर्ति में सुधार होगा।

**वाटर डाटा पर विधायकों के साथ चर्चा**

गर्मियों के सीजन के लिए वाटर एक्शन प्लान तैयार करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने इस बार हर विधानसभा क्षेत्र में वार्ड स्तर पर पानी की मांग और आपूर्ति का डाटा बैंक तैयार किया है। पानी के इस डाटा बैंक में अलग - अलग कॉलोनियों में पानी की मांग और आपूर्ति की जानकारियां जुटाई गई है। वाटर डाटा में हर विधानसभा में ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है जहां गर्मियों में जल आपूर्ति में सुधार की आवश्यकता है।

बैठक में दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक-एक कर सभी विधायकों के साथ उनकी विधानसभा से संबंधित वाटर डाटा पर चर्चा की। बैठक



के दौरान विधायकों से पानी की मांग और जलापूर्ति के लिए अतिरिक्त जानकारियां और सुझाव भी मांगे गए।

**तैयार किया जाएगा माइक्रो समर एक्शन प्लान**

इस बार समर एक्शन प्लान तैयार करने के लिए विधायकों के साथ इस उद्देश्य के साथ चर्चा की जा रही है ताकि एक ऐसा माइक्रो समर एक्शन प्लान तैयार किया जाए जिसमें विधानसभा और वार्ड स्तर पर ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जा सके जहां गर्मियों में लोगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ता है।

इस माइक्रो समर एक्शन प्लान के तहत ना सिर्फ गहनता से सुधार वाले क्षेत्रों की पहचान की जाएगी बल्कि गर्मियां शुरू होने से पहले जलापूर्ति से प्रभावित रहने वाले क्षेत्रों में सभी आवश्यक तैयारियां भी समय से पहले ही पूरी कर ली जाएगी। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज का कहना है इस तरह के माइक्रो समर एक्शन प्लान से वाटर मैनेजमेंट और वॉटर डिसटीब्यूशन को बेहतर करने में काफी मदद मिलेगी। सौरभ भारद्वाज का कहना है कि बेहतर वाटर मैनेजमेंट और डिस्ट्रीब्यूशन से दिल्ली को एक बेहतर जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।

**काम की तय की गई लाइन डेडलाइन**

इस बैठक में शामिल अधिकारियों के साथ भी वाटर डाटा बैंक का आंकड़ा साझा किया गया और अधिकारियों से बैठक में ही क्षेत्रीय स्तर पर पानी की आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए एक्शन प्लान मांगा गया। बैठक से पहले ही अधिकारियों को अपने -अपने संबंधित क्षेत्रों में जलापूर्ति से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा अधिकारियों को जलापूर्ति से जुड़ी कमियों को दूर करने के लिए भी एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया था। अधिकारियों ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के सामने एक्शन प्लान प्रस्तुत किया और जलापूर्ति को बेहतर करने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। भारद्वाज समर एक्शन प्लान से जुड़े कार्यों की डेडलाइन निर्धारित कर दी है।

# भाजपा ने दिल्लीवालों की पीठ में छुरा घोंपा : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने दिल्लीवालों की पीठ पर छुरा घोंपा है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से पहले ही अपने अधिकारियों से एमसीडी का बजट पास करवा दिया। भाजपा की केंद्र सरकार का षड्यंत्र था कि एमसीडी में हंगामा करके अरविंद केजरीवाल की सरकार मत बनने दो और चुपके से एमसीडी का बजट पास कर दो। एमसीडी में चुनी हुई सरकार का काम बजट बनाकर अपने वादे को पूरा करना है। लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी गारंटी पूरी ना कर पाएं, इसलिए भाजपा ने धोखे से बजट पास करवाया। भाजपा की केंद्र सरकार के इशारे पर अगर अधिकारी बजट बनाएंगे तो आम आदमी पार्टी कैसे वादे पूरा करेगी? यह बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पहले जैसे बीजेपी ने सीबीआई और एलजी का प्रयोग किया, उसी तरह प्रयोग करके हर गवर्नर अपनी राज्य सरकार को परेशान कर रहा है। कांग्रेस पहले कहती थी कि दिल्ली फुल स्टेट नहीं है उसके चलते यह हो रहा है। वह बताएं कि अब गैर भाजपा शासित राज्यों में क्या हो रहा है? बीजेपी ने सीबीआई-गवर्नर जैसे संस्थानों की मर्यादा तार-तार कर दी है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं। हमें सरकार बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा है। प्रजातंत्र का ऐसा हाल हो गया है।



भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने सीबीआई और एलजी का प्रयोग पहले दिल्ली में किया, उसी तरह से अब हर गवर्नर अपनी राज्य सरकार को परेशान कर रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन कहते थे कि दिल्ली फुल स्टेट नहीं है, इसलिए यह हो रहा है। मुख्यमंत्री लड़ाई कर रहे हैं, वरना प्रधानमंत्री मोदी तो बहुत प्यार से काम करना चाहते है। अजय माकन जी बताएं कि अब पुदुचेरी में क्या हो रहा है? राहुल गांधी जी बताएं कि तृणमूल कांग्रेस के साथ उनके गवर्नर क्या कर रहे थे? अभी तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी के गवर्नर क्यों मुख्यमंत्री के सिंग से सिंग लड़ा रहे हैं? तेलंगाना के गवर्नर की स्पीच में एमएलए वॉक आउट कर रहे हैं कि हमें ऐसे आदमी की स्पीच नहीं सुननी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का यह षड्यंत्र था कि एमसीडी के अंदर सरकार के न बनने दिया जाए।

जब-जब नगर निगम के अंदर सरकार बनने की बात हो तो वहां हंगामा शुरू कर दो। पुलिस को बुलाकर चुने हुए पार्षदों को डराओ धमकाओ और चोरी से अपना बजट पास कर दो। यह पूरा का पूरा भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार का षड्यंत्र था। सरकार कोई और चुनी गई है और बजट केंद्र सरकार पास कर दे।

## दक्षिण कोरिया में 8 विकलांग बच्चे दिखाएंगे अपना दम, दिल्ली एलजी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना ने वर्ल्ड स्काउट जंबूरी में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत स्काउट एंड गाइड्स दल का हिस्सा बनने के लिए दिल्ली सरकार के स्कूलों के आठ विकलांग बच्चों की भागीदारी को मंजूरी दे दी है। यह आयोजन एक से 12 अगस्त के बीच दक्षिण कोरिया में होगा। विशेष आवश्यकता वाले इन आठ बच्चों के साथ एक शारीरिक शिक्षा शिक्षक, एक विशेष शिक्षक शिक्षक और शिक्षा विभाग के उप निदेशक होंगे। उल्लेखनीय है कि एलजी कार्यालय ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने 19 जनवरी को दिल्ली सरकार को दक्षिण कोरिया में अंतरराष्ट्रीय जमावड़े के लिए राष्ट्रीय दल के लिए शहर के स्कूलों से नाम मांगने का प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद उपमुख्यमंत्री सिसोदिया द्वारा अनुशंसित और मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के पास मंजूरी के लिए भेजा गया। इन आठ सीडब्ल्यूएसएन का चयन उन 16 विकलांग बच्चों में से किया गया है, जिन्होंने राजस्थान के पाली में 4 से 10 जनवरी तक आयोजित 18वें राष्ट्रीय जंबूरी में सफलतापूर्वक भाग लिया था।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि फिनलैंड एजुकेशन के मामले में नंबर वन है। फिनलैंड ने करके दिखाया है कि सरकारी स्कूल कैसे बेहतर किए जा सकते हैं। हम अपने टीचर और प्रिंसिपल को वहां भेज रहे हैं, लेकिन भाजपा सर्विस डिपार्टमेंट पर कब्जा कर बैठी है इसलिए हमें एलजी के पास टीचर ट्रेनिंग की फाइल भेजनी पड़ती है।

## सम्पादकीय
## ओपन सर्च

# जीवन रेखा को संबल

आखिरकार राजग सरकार ने इस सत्य को स्वीकारा है कि देश में परिवहन व माल ढुलाई के सबसे सुलभ साधन रेलवे के उत्थान के बिना विकास को गति नहीं मिलेगी। तभी बजट में रेलवे के लिये अब तक उच्चतम पूंजी परिव्यय निर्धारित किया गया है। संसद में प्रस्तुत हालिया बजट में अब तक का सर्वाधिक पूंजीगत परिव्यय 2.4 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। यह राशि वर्ष 2013-14 के मुकाबले नौ गुनी है। निस्संदेह,यह देश की जीवन रेखा कही जाने वाले रेलवे के विकास -आधुनिकीकरण के लिये शुभ संकेत है। यह अच्छी बात है कि कोविड संक्रमण के दौरान रेलवे जिस बड़े संकट से जूझा है, उससे अब उबरने लगा है। हालांकि, उस दौरान भी प्रवासी श्रमिकों को उनके गांव पहुंचाने व खाद्यान्न आपूर्ति में निर्णायक भूमिका निभाई थी। रेलवे की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है, वह इस बात से पता चलता है कि पूरे देश में 'वंदे भारत ट्रेन' श्रृंखला को विस्तार दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की पहली स्वदेशी सेमी हाई-स्पीड ट्रेन है। जिसका निर्माण चेन्नई स्थित कोच फैक्ट्री द्वारा किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर यह उत्साहवर्धक है कि देश को अपनी पहली हाइड्रोजन ट्रेन दिसंबर तक मिलने जा रही है। जो आत्मनिर्भर भारत अभियान की नई कामयाबी कही जा सकती है। महत्वपूर्ण यह भी कि अब तक भारत के पिच्चासी फीसदी से अधिक रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है। निश्चित रूप से रेलों के लिये जहां ईंधन में स्वदेशी आत्मनिर्भता जरूरी है, वहीं पर्यावरणीय मुद्दों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारत की हरित ऊर्जा की प्राथमिकताओं के प्रति गंभीरता रेलवे के अभियानों में नजर आनी चाहिए। साथ ही रोजगार की प्राथमिकताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

बहरहाल, रेलवे प्रशासन के सामने मौजूद चुनौतियों के मद्देनजर हालिया बजट में वित्तीय संसाधनों की बड़ी वृद्धि इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं के द्वार खोलती है। जहां रेलवे एक ओर आम लोगों का सस्ता व सुलभ आवागमन का जरिया है, वहीं करोड़ों लोगों का रोजगार भी इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा होता है। राजस्व के मोर्चे पर मिल रहा सकारात्मक प्रतिसाद उम्मीद जगाने वाला है। अच्छी बात यह है कि अप्रैल से दिसंबर 2022 के बीच रेलवे यात्री किराये से विभाग की कुल आय 48,913 करोड़ रुपये हुई है। उल्लेखनीय है कि यह वृद्धि वर्ष 2021 में इसी समान नौ महीने की अवधि के दौरान हुई आय के मुकाबले 71 फीसदी अधिक है। यद्यपि माल ढुलाई राजस्व में भी वृद्धि हुई है, लेकिन यात्री भाड़े के मुकाबले तेजी उसमें नहीं देखी गई। निस्संदेह विभागीय प्रचालन तंत्र की लागत घटाना रेलवे के लिये एक बड़ी चुनौती है, जिसके चलते उसके मुनाफे में कमी आ जाती है। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी सुझाव दिया था कि देश को बहु-मॉडल परिवहन के साथ एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने के बारे में सोचना चाहिए। जिसके अतंर्गत देश के जलमार्ग, राजमार्ग और रेलवे नेटवर्क आपस में जुड़े हों। इन प्रयासों से रेलवे की लागतों को कम करने तथा राजस्व को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। जलमार्गों की क्षमता का उपयोग बढ़ाने से माल ढुलाई लागत में कमी लायी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर रेलवे का माल ढुलाई का बोझ कम किया जा सकता है। निस्संदेह, यदि ऐसा होता है तो रेलवे को यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिये अधिक ऊर्जा व धन मिलना संभव हो पायेगा। इस दिशा में गंभीरता से विचार किया जाना जरूरी है। देश में करोड़ों लोग प्रतिदिन ट्रेनों का उपयोग करते हैं। इसके मद्देनजर यात्रियों की संतुष्टि रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यह अच्छी बात है कि पूरे देश में 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत 1275 रेलवे स्टेशनों को नये सिरे से विकसित किया जा रहा है। अब चाहे देश में स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली हो या रेल परिवहन को दुर्घटना मुक्त बनाने के प्रयास, इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है। हाई स्पीड ट्रेन चलाने से ज्यादा जरूरी यह है कि यात्रियों को सुरक्षित सफर का भरोसा मिले।

# परफ्यूम आईईडी नई चिंता

वर्षो से अशांत जम्मू-कश्मीर में अब एक नई चिंता उभर कर सामने आई है। पुलिस ने हाल ही में जम्मू के नरवाल में हुए दोहरे धमाके की तफ्तीश में रियासी के आरिफ को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसके पास से परफ्यूम आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) मिला, जिसमें स्प्रे बटन दबाकर धमाका किया जा सकता है। पुलिस ने पहली बार परफ्यूम की बोतल में लगा विस्फोटक जब्त किया है। इससे पहले बारूद लगी आईईडी, टाइमर आईईडी और स्टिकी बम ही आतंकवादी इस्तेमाल में लाते थे। साफ है कि आमजन के लिए खतरा बड़ा है। वहीं सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह अच्छी-खासी चुनौती है। पहले कहीं भी बम धमाका करना, गोलीबारी कर निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारना, राज्य के बाहर से आए प्रवासी मजदूरों और गैर मुस्लिम लोगों की हत्या करने के बाद अब परफ्यूम बम का इस्तेमाल करने की साजिश निश्चित तौर पर सुरक्षा बलों और पुलिस फोर्स के लिए बड़ी सिरदर्दी साबित हो रही है। दरअसल, पाकिस्तान से हर बार अलग-अलग तरीके से भारत के खिलाफ साजिश रची जाती है। कभी ड्रोन से हथियारों की आपूर्ति तो कभी नशीले पदाथरे को भेजना; इस तरह की कुटिल और गिरी हुई हरकत सीमा पार से होती रही है। मगर परफ्यूम आईईडी मिलने का यह पहला मामला चौंकाता भी है और चिंतित भी करता है। क्योंकि कोई भी शख्स अगर इसे दबाने या खोलने की कोशिश करेगा तो आईईडी विस्फोट हो जाएगा। इस आईईडी को स्पेशल टीम ही निष्क्रिय कर सकेगी। इस तरह के षड्यंत्र तत्काल प्रभाव से तोड़ निकालना होगा। और इसके लिए खुफिया एजेंसियों को ज्यादा सतर्क रहना होगा। पाकिस्तान की करतूतों का पर्दाफाश वैश्विक मंच पर करना होगा। साजिशकर्ताओं की पोल-खोल हर स्तर पर भारत को करनी होगी। हालांकि पाकिस्तान को लाख समझाने के बावजूद उसके आचरण में कोई बदलाव नहीं आया है। वह किसी भी कीमत पर कश्मीर का मसला लटकाए रखना चाहता है और राज्य में अमन बहाली की दिशा में सरकार के कदमों को विफल करने के कुचक्र में लगा रहता है। परफ्यूम आईईडी के तौर पर यह उसकी ताजातरीन चाल है, जिसे वक्त रहते जमींदोज करना होगा। 30 साल से चले आ रहे आतंकवादी कार्रवाई के दरमियान यह पहला मौका है जब इस तरह की एक्सप्लोसिव की बरामदगी हुई है।

## चिंतन-मनन

# विचार-निर्विचार चिंतन-अचिंतन

पूरा विश्व विचारों पर चलता है सारे आविष्कार युध्द आतंकवाद साहित्य सृजन भाषण प्रवचन तू-तू मैं-मैं सब विचारों की देन है। विचार ही सब कार्यों को अंजाम देता है। भक्ति प्रार्थना व्यवहार सेवा सब विचारों की देन है। हम सोचते हैं तो करते हैं होता है। अब प्रश्न यह है कि विचार कैसे हो दो श्रेणियों में बांटा गया है उन्हें सकारात्मक नकारात्मक सकारात्मकता निर्माण करती है नकारात्मकता विध्वंस मनुष्य ने सभ्यता को ऊंचाई तक पहुंचाया है एक तरफ तो दूसरी तरफ नृशंसता के गर्त में भी। जैसे विचार वैसा वातावरण और वृत्त। विचार करना सुविचार करना कोई किसी को जबरदस्ती नहीं सीखा सकता क्योंकि संस्कार लालन-पालन शिक्षा मनन-चिंतन संगति वातावरण से विचारों में परिवर्तन होता है। पता नहीं यह दुनिया कब से बनी है मनुष्य ने सोचना कब से शुरू किया उसमें कैसे-कैसे परिवर्तन होते गया यह एक बड़ा गूढ़ विषय है। इस पर शाप रचे जा सकते हैं। विचारों ने ही तो इतना ज्ञान इस विश्व को दिया है विज्ञान साहित्य शिक्षा राजनीति धर्म कानून जैसे-जैसे आवश्यकताएं होती गई या बढ़ती गई सब आविष्कार या रचना होती गई। आतंकवाद विस्तारवाद युध्द भी विचारों का खेल है। नेतृत्व के गलत विचारों का खामियाजा पूरे देश को देना होता है कौम हो देना होता है। धार्मिक उन्माद भी कुछ गलत विचारों की देन है। बुध्दिहीन या कम बुध्दि वाले लोगों को बुध्दिमान चालाक लोग भेड़ों की तरह हांक कर अपने ढंग से उपयोग या दुरुपयोग करते हैं।

इन्सान का अपना वजूद जब कमजोर होता है तो वह हिप्मोटाइज हो जाता है दूसरों से और पीछे-पीछे चलने लगता है उसे पता नहीं होता कि वह कुएं में जाएगा या खाई में। हर कर्म के पीछे विचार होता है। सत्कर्म और बुरे कर्म। बिना विचारे कोई कुछ नहीं करता यह अलग बात है कि कितनी गहराई और गंभीरता से विचार किया जाता है। आदमी हमेशा विचारों के हिंडोले में हिचकोले खाता रहता है कभी आनंददायक कभी दुख देने वाले विचारों से स्वास्थ्य विचार से रोग वीरोचित कार्य कायराना कार्य। इसलिए विचारों को सुधार लीजिए सब कुछ ठीक हो जाएगा। मेडिकल इंसान और रिसर्च में भी यही पाया गया है कि रोग विचारों की देन है नकारात्मक विचारों की। सकारात्मक विचारों से आशा विश्वास से लोग निरोग होते देखे गए हैं। गीता में कहा गया है चित्त वृध्दि निरोध की स्थिति में आना याने सब दृष्टि से संतुलन शांति आनंद निर्भयता में जीना। अति प्रसन्न और अति दुखी होना भी गलत है। हमेशा समस्थिति में रहना। भगवान विष्णु की तरह जो शेष नाग की शैया पर (विषमता) में भी शांत और प्रसन्न रहते हैं हमें हमारे पौराणिक दृष्टांतों से बहुत कुछ हासिल हो सकता है पर हम पढ़े सोचे और चलें तब। सोचिए आपको कैसे जीना है।

# आम बजट : कैसे मजबूत होगा आमजन

ढांचागत निवेश 7.5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ कर दिए जाने को ऐसा ही 'मास्टर स्ट्रोक' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इसी से रोजगार की, विस्फोटक हो चुकी समस्या भी हल हो जाएगी। इस तथाकथित 'उत्पादक प्रयास' की ही दलील से, मेहनतकशों के हित में सामाजिक खचरे में कटौतियों को भी सही ठहराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन यह विकास का भ्रम ही पैदा करेगा जो ज्यादा दिन नहीं चल सकता है।

राजेंद्र शर्मा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब सरकार में शीर्ष स्तर से, 'मुफ्त की रेबड़ी बनाम उत्पादक खर्च' की बहस छेड़ी थी, तभी अनेक टिप्पणीकारों ने इस बहस के जरिए खड़े पेश किए जा रहे झूठे द्वैध या बइनरी के मंतव्यों पर आशंकाएं जताई थीं।

2023-24 के बजट में, जिसे अमृत काल का पहला बजट बताया जा रहा है न सिर्फ कुछ परिवर्तित रूप में इस बहस को आगे बढ़ाया गया है बल्कि तथाकथित 'मुफ्त की रेवड़ियां' के प्रति वर्तमान शासन की हिकारत को काफी हद तक अमल में भी लाया गया है। इस हिकारत का सबसे आंखें खोलने वाला उदाहरण है, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम, जिसका नाम बदलकर मोदी निजाम में उसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ दिया गया था। इसके लिए आवंटन में भारी कटौती कर दी गयी है। ताजा बजट में इसके लिए सिर्फ 60,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जबकि 2021-22 में इस कार्यक्रम पर वास्तविक खर्च 1,12,000 करोड़ रुपये के करीब का रहा था। बेशक, 2021-22 में इस कार्यक्रम पर 1,12,000 करोड़ रुपये खर्च होने से, कोविड तथा उससे जुड़ी पाबंदियों की मार झेल रहे, शहरों से गांवों में वापस लौटे प्रवासी मजदूरों को आय का कुछ हीला मिलने के रूप में बहुत जरूरी सहायता मिली थी, लेकिन अर्थव्यवस्था के कोविड के असर से उबरने की दलील से इस कार्यक्रम के लिए आवंटन में भारी कटौती का औचित्य किसी भी तरह से सिद्ध नहीं किया जा सकता है।

सचाई यह है कि गहराते कृषि संकट तथा ग्रामीण क्षेत्र में कमाई वाले काम में भारी कमी की पृष्ठभूमि में यह ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम आम तौर पर काम मांगने वालों के खासे बड़े हिस्से को न सिर्फ खाली हाथ लौटाता रहा है, इसके तहत काम पाने वालों को भी पूरे परिवार में एक ही सदस्य को साल में पचास दिन का काम भी मुश्किल से ही मिल पा रहा है। याद रहे कि मूल कानून में, काम करने वाले हरेक परिवार से एक व्यक्ति को, साल में कम से कम सौ दिन का रोजगार मुहैया कराने की गारंटी का प्रावधान है।

साफ है कि इस कानून में ग्रामीण क्षेत्र में जिस हद तक न्यूनतम रोजगार सहायता मुहैया कराने की कल्पना निहित थी, उसके आस-पास तक भी नहीं पहुंचा जा सका है, लेकिन हैरानी की बात नहीं है कि वर्तमान सरकार ने आवंटन की कमी के सहारे मनरेगा के लाभ के दायरे को सिकोड़ने की पिछली यूपीए सरकार की परंपरा को ही आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पहले कार्यकाल के एक चर्चित संसदीय संबोधन में ही तब के नरेगा को, इसे शुरू करने वाली यूपीए सरकार की 'विफलताओं का स्मारक' करार देकर, इस कार्यक्रम के प्रति अपनी हिकारत जाहिर कर दी थी। उसके बाद से मोदी सरकार एक प्रकार से मजबूरी में इस कार्यक्रम बोझ को ढोती रही है, हालांकि महामारी



के दौर में इस कार्यक्रम से महत्त्वपूर्ण मदद मिलने की बात अब मौजूदा सत्ताधारियों को भी स्वीकार करनी पड़ी है, लेकिन मनरेगा के लिए आवंटन का निचोड़ा जाना तो सिर्फ एक ही उदाहरण है।

ऐसा ही एक और चौंकाने वाला उदाहरण खाद्य सब्सिडी में भारी कटौती का है। 2022-23 के संशोधित अनुमान की तुलना में खाद्य सब्सिडी में इस बार पूरे 31 फीसद की कटौती कर दी गई है। यह खेल किया गया है खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत दिए जाने वाले सब्सिडीयुक्त सस्ते अनाज की व्यवस्था में। बेशक, चुनाव वर्ष को देखते हुए पांच किलो मुफ्त अनाज के वितरण को इस साल के लिए बढ़ा दिया गया है और ज्यादा संभावना अगले साल भी आम चुनाव तक उसके चलाते रहे जाने की ही है, लेकिन इस तरह सब्सिडीयुक्त खाद्यान्न वितरण रोक दिया गया है और सरकार ने अपने खाद्य सब्सिडी के खर्च को 31 फीसद घटा लिया है।

याद रहे कि यह सब तब किया जा रहा है, जब विश्व भूख सूचकांक में भारत सबसे निचले पायदान पर है और दुनिया में सबसे ज्यादा भूख के मारे वयस्क और बच्चे भारत में ही रहते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि इस भुखमरी का संबंध, उतना खाद्य सामग्री की कमी से नहीं है, जितना आय की गरीबी या आय की कमी से है और इस मामले में स्थिति हाल के वर्षो में बदतर ही होने का सबूत बजट से एक दिन पहले पेश किए आर्थिक सव्रे में खुद सरकार का यह स्वीकार करना है कि मेहनतकशों की वास्तविक आय का बढ़ना तो दूर उसमें गिरावट ही हो रही है।

कम-से-कम आम चुनाव से पहले के आखिरी पूर्ण बजट में तो इससे बचना किसी भी तरह से संभव नहीं होता, लेकिन मोदी राज ने यह भी कर दिखाया है। उसने न सिर्फ ग्रामीण विकास के आवंटन में रुपयों में भी कटौती कर दी है, शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भी मुद्रास्फीति का हिस्सा निकालने के बाद वास्तविक आवंटन में कटौती ही की गई है। आखिरकार, उत्पादन व रोजगार में वृद्धि के रूप में आर्थिक वृद्धि, जनता के हाथों में क्रय शक्ति के बिना कैसे संभव है? और आज, जबकि विश्व मंदी के हालात के चलते, निर्यात की मांग नीचे ही जा रही है, ऐसी घरेलू मांग के बिना अर्थव्यवस्था ऊपर उठने के बजाए नीचे ही जाएगी, लेकिन यहीं मुफ्त की रेवड़ी बनाम उत्पादक खर्च के अपने झूठे द्वैध के सहारे, मौजूदा निजाम ने यह भ्रमजाल खड़ा करने की कोशिश की है कि उसे ढांचागत क्षेत्र में निवेश के रूप में, आर्थिक विकास की ऐसी रामबाण दवा मिल गई है, जो जनता और उसके हाथों में क्रय शक्ति बढ़ाने पर, निर्भरता से मुक्ति दिला देगी।

ढांचागत निवेश 7.5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ कर दिए जाने को ऐसा ही 'मास्टर स्ट्रोक' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इसी से रोजगार की, विस्फोटक हो चुकी समस्या भी हल हो जाएगी। इस तथाकथित 'उत्पादक प्रयास' की ही दलील से, मेहनतकशों के हित में सामाजिक खचरे में कटौतियों को भी सही ठहराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन यह विकास का भ्रम ही पैदा करेगा जो ज्यादा दिन नहीं चल सकता है। आखिरकार, ढांचागत विकास का उपयोग भी तो क्रयशक्ति के संपन्न आबादी ही कर सकती है। ब्रेख्त की बहुउद्धृत कविता की पंक्तियों को कुछ बदल कर कहें तो--विकास के चक्के चलाने के लिए, आदमी की जरूरत होती है।

## विचार-मंथन

# कांग्रेस अब नई यात्रा की तैयारी में

ऋतुपर्ण दवे

कांग्रेस ने 30 जनवरी को श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा का समापन कर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की अगली यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। यह जुलाई में गुजरात के सोमनाथ से शुरू होगी और शिलांग में खत्म होगी। राहुल के नेतृत्व में पहली यात्रा पिछले साल 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। इस यात्रा ने 145 दिन में 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर करीब 4080 किलोमीटर की दूरी तय की। राहुल को केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर को जानने समझने का मौका मिला। इसी दौरान गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव हुए। राहुल ने दोनों प्रदेशों के चुनाव से दूरी बनाकर रखी।

सोमनाथ-शिलांग यात्रा कितने दिन की होगी, कहां-कहां से गुजरेगी, अभी ज्यादा साफ नहीं है। कुछ समय बाद पूर्वोत्तर में त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड के चुनाव होने हैं। यहां कांग्रेस के लिए वजूद बचाने और बढ़ाने की चुनौती है। बेशक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हैं लेकिन कांग्रेस के कमांडर राहुल हैं। वह पूर्वोत्तर में कैसा प्रभाव दिखा पाएंगे, यह देखना काफी दिलचस्प होगा। भारत में राजनीतिक यात्राओं का महत्व पहले कई मौकों पर दिख चुका है। देश में यूं तो स्वतंत्रता खातिर कई यादगार यात्राओं ने फिजा बदली। लेकिन मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम के मद्देनजर बीते तीन दशकों की



यात्राएं अलग रहीं।

1990 में लाल कृष्ण आडवाणी की रथयात्रा सभी को याद है। गुजरात के सोमनाथ मंदिर से शुरू हुई आडवाणी की रथयात्रा भले ही अपने पड़ाव तक नहीं पहुंची पर इससे भाजपा को जबरदस्त ताकत मिली और राम मंदिर आन्दोलन उफान पर आ गया। आडवाणी ने दोबारा 2004 में फिर एक यात्रा निकाली और इंडिया शाइनिंग का नारा दिया। मुरली मनोहर जोशी की 1991 की यात्रा भी चर्चा में रही। ऐसी यात्राओं के शुरुआत का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को जाता है। उन्होंने 1983 में कन्याकुमारी से यात्रा शुरू की और छङ महीने बाद दिल्ली पहुंचे। लेकिन तब इंदिरा गांधी की हत्या की वजह से इसका फायदा उन्हें नहीं मिला। 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मुंबई से कांग्रेस की सद्भावना यात्रा निकलवाई। यह तीन महीने बाद दिल्ली पहुंची। यह उतना प्रभाव नहीं दिखा पाई।

ऐसी यात्राओं के इतिहास में आंध्र प्रदेश के वाईएस राजशेखर रेड्डी की दक्षिण की झुलसाने वाली प्रचंड गर्मी में निकली यात्रा कैसे भुलाई जा सकती है। यह चुनाव से पहले शुरू हुई और साल भर बाद हुए चुनाव में जबरदस्त सफलता दिलाई। उनके बेटे वाईएस जगनमोहन रेड्डी की 2017 की यात्रा ने उन्हें मुख्यमंत्री बनवा दिया। मध्य प्रदेश में दिग्विजय सिंह की नर्मदा यात्रा भी चर्चा में रही। इसके बाद कांग्रेस की वापसी तो हुई लेकिन अंतर्कलह से बहुमत के बावजूद कैसे सत्ता से बेदखल हुई सबने देखा।

15 अगस्त, 2021 से 28 अगस्त, 2021 तक 14 दिन चली भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा ने भी 24 हजार किलोमीटर की दूरी तय की और जन-जन तक जन कल्याण एवं विकास के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का संदेश पहुंचाया। राहुल की यात्रा तुषार गांधी, मेधा पाटकर, अमोल पालेकर, पूजा भट्ट, स्वरा भास्कर, आनंद पटवर्धन, रश्मि देसाई, ऋतु शिवपुरी, सुनिधि चौहान, उर्मिला मातोंडकर और कैप्टन बाना सिंह जैसे नामचीनों के जुड़ने से सुर्खियों में रही।

( लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## मुद्दा

# स्कैवेंजिंग से मिलेगी मुक्ति

जयसिंह रावत

मौजूदा सरकार का अंतिम पूर्ण बजट होने के कारण वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने बजट 2023-24 में समाज के लगभग सभी वर्ग को छूने का प्रयास किया है, लेकिन इस बजट में सामाजिक तौर पर जो महत्त्वपूर्ण बात नजर आ रही है वह सफाई कर्मचारियों को मैनुअल स्कैवेंजिंग से मुक्ति दिलाने के लिए सेप्टिक टैंकों और गंदी नालियों की सफाई के लिए मशीनीकरण शुरू करने की है।

वास्तव में कानूनी प्रावधानों के बावजूद व्यावहारिक कठिनाइयों और दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में सिर पर मैला ढोने या दूसरों की गंदगी को हाथ से साफ करने का कलंक समाज के माथे से साफ नहीं हो रहा है। अब भी हर साल सैकड़ों की संख्या में सफाईकर्मी सीवरलाइनों के अंदर दम घुटने से जान गंवा रहे हैं। आज भी स्कैवेंजिंग का काम अनुसूचित जाति के एक वर्ग के भरोसे चल रहा है। वित्त मंत्री द्वारा पेश केंद्र सरकार के वार्षिक बजट 2023-24 में संकल्प लिया गया है कि सेप्टिक टैंकों और नालों से मानव द्वारा गाद निकालने का काम पूरी तरह से मशीनयुक्त बनाने के लिए शहरों को तैयार किया जाएगा।

जाहिर है कि केंद्र सरकार इस प्रथा की मुक्ति के लिए नगर निकायों को मशीनें उपलब्ध कराएगी या उसके लिए अलग से बजट देगी। स्वच्छता अभियान के तहत केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच मुक्ति का अभियान 2014 से चला चुकी है। हालांकि खुले में मुक्ति के लिए अक्टूबर 2019 तक का लक्ष्य रखा गया था जो कि व्यवहार में अभी तक अधूरा है। फिर भी उस मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों घरों में शौचालय बने हैं। अब इस अभियान को अगर दिलोजान से चलाया गया तो इंसानों की एक बिरादरी को सचमुच दूसरों की गंदगी साफ करने से कलंक से मुक्ति मिल जाएगी।

महात्मा गांधी और डॉ. अम्बेडकर दोनों ने ही हाथ से मैला ढोने की प्रथा का पुरजोर विरोध किया था। यह प्रथा संविधान के अनुच्छेद 15, 21, 38 और 42 के



प्रावधानों के भी खिलाफ है। आजादी के 7 दशक बाद भी इस प्रथा का जारी रहना देश के लिए शर्मनाक है। लातूर महाराष्ट्र के सांसद सुधाकर तुकाराम के एक प्रश्न के उत्तर में लोक सभा में 2 फरवरी 2021 को तत्कालीन सामाजिक अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत का जवाब था कि 31 दिसम्बर 2020 तक उससे पिछले 5 सालों में देशभर में सीवर लाइनें साफ करते हुए 340 सफाइकर्मियों की मौत हुई। इनमें सर्वाधिक 52 सफाईकर्मी उत्तर प्रदेश में मारे गए। उसके बाद तमिलनाडु की गंदी नालियां जाति विशेष के कर्मियों के लिए मरघट बनीं जहां 43 लोगों ने जानें गंवाई।

देश की राजधानी दिल्ली में 36 सफाईकर्मियों ने नारकीय परिस्थितियों में दम तोड़ा। समाजिक अधिकारिता मंत्री का यह भी जवाब था कि देश में अब तक 13 राज्यों में 13,657 मैला ढोने वालों की पहचान की गई है, लेकिन 2011 की जनगणना में परिवारों के आंकड़ों से बड़ी संख्या में गंदे शौचालयों को हटाने को ध्यान में रखते हुए राज्यों से कहा गया है कि वे अपने सव्रेक्षण की दोबारा समीक्षा करें। दरअसल, कानून अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं कर सकता।

अगर इस अमानवीय समस्या का समाधान कानून के पास होता तो नब्बे के दशक में समस्या तब समाप्त हो जाती जब पहली बार 1993 में सफाई कर्मचारी नियोजन और शुष्क शौचालय सन्निर्माण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1993 आ गया था। जिसका उद्देश्य मानव मल-मूत्र को हटाने के लिए सफाई कर्मचारियों के नियोजन को अपराध घोषित कर सफाई कार्य के हाथ से किए जाने का अंत करने और देश में शुष्क शौचालयों की और वृद्धि पर पाबंदी लगाने के लिए संपूर्ण भारत के लिए एक समान विधान अधिनियमित करना था।

जब इस कानून से काम नहीं चला तो उसके बाद सितम्बर 2013 में संसद द्वारा 'हाथ से मैला साफ करने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013' पास किया गया। इस अधिनियम में अस्वच्छ शौचालयों और मैनुअल स्कैवेंजिंग संबंधी उपबंधों का पहली बार उल्लंघन करने पर 1 वर्ष की सजा या 50 हजार का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दूसरी बार उल्लंघन करने पर 2 वर्ष की सजा और 1 लाख का जुर्माना हो सकता है।

तीसरी बार : उल्लंघन करने पर 5 पांच साल की सजा या 5 लाख के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है। इस अधिनियम की धारा 22 के अंतर्गत पाए गए अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानती हैं, लेकिन फिर भी समाज के एक खास वर्ग को इससे पूरी तरह मुक्ति नहीं मिल सकी। अब तक कानून तो बनते रहे मगर वे कानून अपने उद्देश्य की पूर्ति न कर सके। अब उम्मीद की जा सकती है कि भारत सरकार की मदद से सारे देश के शहरों में मशीनों से ही नालियों, सीवरलाइनों और सेप्टिक टैंकों की सफाई हो सकेगी। मैन्वल स्कैवेंजिंग से एक जाति विशेष का उद्धार नहीं हो पा रहा है। संसद में 2021 में स्वयं सरकार ने स्वीकार किया था कि इस पेशे में लगे लोगों में 97.25 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति के थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक विजय कुमार द्वारा आदित्य ग्राफिक्स, प्रताप भवन 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, आई.टी.ओ. नई दिल्ली-110002 से मुद्रित कराकर 1536/108 गणेशपुरा रोड, त्रीनगर दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : विजय कुमार RNI No. : DELHIN/2015/66886
अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542 फोन :- 011-46696546 E-mail : opensearchdelhi@gmail.com
सम्पादकीय कार्यालय :- 15&16 सिंधिया हाउस, कस्तूरवा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

## एक नज़र

### भारत-पाक बॉर्डर पर 17 लाख की ड्रग मनी बरामद, दुबई से आए व्यक्ति को बीएसएफ ने पकड़ा

**फिरोजपुर (एजेंसी)** भारत-पाक बॉर्डर पर बीएसएफ ने दुबई से आए भारतीय को 17 लाख रुपए की ड्रग मनी के साथ गिरफ्तार किया है। बीएसएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 लाख रुपए की ड्रग मनी के साथ एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। वहीं, उसका साथी, जो भारतीय सेना में कार्यरत है मौके से फरार हो गया। शनिवार को बीएसएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को निशाने पर लिया।

एक संदिग्ध को गिरफ्तार करने में बीएसएफ कामयाब रही, जबकि एक संदिग्ध मौके से फरार हो गया। निहाल सिंह का साथी फरार साथी लखबीर सिंह भारतीय सेना में कार्यरत है और लेह लद्दाख में तैनात है। सेना से जुड़ा ये शख्स मौके से फरार हो गया है। इसको पकड़ने के लिए लगातार बीएसएफ छापेमारी कर रही है। सेना से इस शख्स के तार जुड़े होने के कारण, बीएसएफ इसे पकड़ने के लिए जोरआजमाइश कर रही है। गुप्त सूचना के आधार पर जब बीएसएफ अधिकारी सर्च करके वापस लौट रहे थे, तो रास्ते में उन्हें हरियाणा नंबर की एक कार दिखाई दी, जिसमें 2 संदिग्ध व्यक्ति बैठे थे। अधिकारियों ने संदिग्धों को देखकर फैरन एक्शन लिया।

बीएसएफ के अधिकारियों द्वारा तलाशी ली गई तो उसमें से लाखों रुपए की ड्रग मनी बरामद हुई। बीएसएफ ने दुबई से आए हुए व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा सेना से संबंधित दूसरा व्यक्ति फरार हो गया है, जिसे पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले की जानकारी थाना सदर में दी गई है।

### फिरोजपुर केंद्रीय जेल बना अय्याशी का अड्डा, गांजे के साथ मिला इलेक्ट्रिक हुक्का

**फिरोजपुर (एजेंसी)** वैसे तो जेल में कैदी अपने किए गलत कामों की सजा काटने जाते हैं, लेकिन कुछ ऐसे जेल भी हैं जो इन कैदियों के लिए किसी आलीशान पिकनिक स्पॉट से कम नहीं हैं। पंजाब के फिरोजपुर केंद्रीय जेल में हुक्का बार चल रहा है। यहां जेल के अंदर कैदी हुक्का पार्टी कर रहे हैं। शनिवार को फिरोजपुर केंद्रीय जेल में हुक्का बरामद हुआ है। फिरोजपुर केंद्रीय जेल में कैदी हुक्का बार चला रहे है। शनिवार को जेल के अंदर गिराए गए इलेक्ट्रिक हुक्के को सुरक्षाकर्मियों ने बरामद किया। हुक्का तो बरामद हो गया है, लेकिन हुक्के का इस्तेमाल कौन कर रहा था इसका पता नहीं चल पाया है। बता दें कि, बाहर गिराए आपत्तिजनक सामान को लेकर सुरक्षाकर्मियों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

जेल में मिल रहे अलग-अलग तरह के नशे, मोबाइल फोन सिगरेट बीड़ी और तंबाकू के बाद पहली बार इलेक्ट्रिक हुक्का मिला है। जिससे जाहिर होता है कि ऑन डिमांड जेल के अंदर कुछ भी मंगवाया जा सकता है। शुक्रवार को केंद्रीय जेल फिरोजपुर में बाहर से फेंके गए पैकेट में से एक इलेक्ट्रिक हुक्का, 12 ग्राम गांजा और 12 सिगरेट की डिब्बी, दो पुड़िया तंबाकू एक डाटा केबल व दो मोबाइल फोन बरामद हुए। केंद्रीय जेल फिरोजपुर के सहायक सुपरिटेंडेंट कुलवंत सिंह ने बताया कि 3 फरवरी को वे जेल में कर्मचारियों के साथ जेल अस्पताल के पीछे बगीचे का चक्कर लगा रहे थे, तो लाल और काली टेप में लिपटा हुआ एक पैकेट बरामद हुआ।

### युवक की संदिग्ध मौत, युवती सहित 2 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज; प्रताड़ित करने के लगे आरोप

**रेवाड़ी (एजेंसी)** जिले के गांव धवाना के रहने वाले एक युवक की शनिवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक वर्तमान में सनसिटी की बीपीएल कालोनी में रहता था। युवक को शुक्रवार की रात अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के भाई ने सनसिटी की बीपीएल कालोनी में रहने वाली एक युवती व एक युवक पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए शहर थाना में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धवाना के रहने वाले विरेंद्र सिंह ने कहा है कि उनके भाई दिनेश से बीपीएल कालोनी में रहने वाली प्रमिला ने दो साल पहले पांच लाख रुपये लिए थे।

दो साल बीतने के बाद भी प्रमिला ने दिनेश के रुपये वापस नहीं लौटाए। अपने रुपये निकालने के लिए दिनेश पिछले एक माह से सनसिटी के बीपीएल कालोनी में रहता था। शुक्रवार को दिनेश ने काल कर अपनी मां व बहन को बताया था कि प्रमिला और उसके साथ रहने वाला युवक विनोद रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। दिनेश ने शुक्रवार को पटौदी की रहने वाली एक महिला के मोबाइल पर मैसेज भी किया था। मैसेज में दिनेश ने लिखा था कि प्रमिला व विनोद दोनों उसे मारने की कोशिश कर रहे है। मेरे साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो दोनों ही जिम्मेदार होंगे।

### कार हुई बेकाबू, पहले महिला को कुचला फिर मारी बाइक सवार को टक्कर, आरोपित मौके से फरार

**बटाला (एजेंसी)** कस्बा घुमान के गांव मंडियाला में मेहता साइड से आ रही बेकाबू तेज रफ्तार कार ने सड़क के किनारे बस की प्रतीक्षा कर रही महिला को कुचलते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर ही महिला की मौत हो गई और बाइक सवार तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक महिला की पहचान गुरप्रीत कौर (32) पत्नी सतनाम सिंह निवासी मंडियाला के तौर पर हुई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना घुमान के एएसआई हरजीत सिंह ने बताया कि मृतका गुरप्रीत कौर पत्नी सतनाम सिंह निवासी मंडियाला जो कि कस्बा घुमान में पानी की फैक्ट्री में काम करती थी। शनिवार को वह सुबह काम पर जाने के लिए अपने गांव में मंडियाला से घुमान आने के लिए बस की प्रतीक्षा कर रही थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में गुलाब सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह ,पुष्पा रानी पत्नी गुलाब सिंह और बलकार मशीह पुत्र चरण मशीन निवासीयान मंडियाला अपने पल्सर बाइक पर सवार होकर अपने गांव से घूम कर आ रहे थे। बेकाबू एक तेज रफ्तार कार मारुति सुजुकी कंपनी की जोकि मेहता चौक की साइड से आ रही थी।

### ठक-ठक गिरोह के पांच चोरों ने तीन कार चालकों के मोबाइल फोन चुराए

**पानीपत (एजेंसी)** ठक-ठक गिरोह ने चोरी के नए-नए तरीके अपना लिए हैं। गिरोह में शामिल पांच बदमाशों ने वीरवार को ढाई घंटे में शहर में तीन अलग-अलग जगहों पर तीन किलोमीटर के दायरे में कार चालकों को निशाना बनाया। अनाज मंडी कट, मिड टाउन होटल और सनौली रोड पर वारदात हुई। यह गिरोह शहर में पहले भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस की तीन टीमें चोरों की तलाश में जुटी हैं।

सेक्टर 11-12 के अंकुर छाबड़ा ने थाना चांदनी बाग पुलिस को शिकायत दी कि उसका कागज का व्यवसाय है। वीरवार को गाड़ी में गन्नौर से पानीपत घर आ रहा था। शाम 5:55 बजे अनाजमंडी लाल बत्ती पहुंचा तो लेफ्ट साइड वाली खिड़की को एक युवक ने जोर से खटखटाया और चोट लगने का नाटक करने लगा। तभी दूसरी तरफ से भी खिड़की को जोर से खटखटाया गया। उसने शीशा खोल दिया। मामला शांत होने पर वह गाड़ी लेकर आगे 10 मीटर दूर चला ही था कि उसकी साइड वाली सीट पर रखा 70 हजार रुपये की कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो गया था।

उसने गाड़ी खड़ी की और युवकों के पीछे दौड़ा। लेकिन उनको पकड़ नहीं पाया। अंबाला कैंट के संदीप अबरोल ने थाना सेक्टर-29 पुलिस को शिकायत दी कि वीरवार शाम करीब 7:30 बजे वह मिड टाउन होटल के सामने से जीटी रोड पर पहुंचा। एक युवक ने साइड की खिड़की का शीशा खटखटाया। उसने बातचीत की तो कहा कि देखकर चलाओ।

# शोभायात्रा को रवाना करने के लिए पहुंचे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

**पंजाब (एजेंसी)**

बस्ती दानिश्मांडा बाबू जगजीवन सिंह चौक में शोभायात्रा को रवाना करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि दुख होता है कि जब जनता की तरफ से ही ये आवाज उठाई जाती है कि उनके इस आयोजन में यह प्रोग्राम में आज तक कभी भी कोई सीएम नहीं पहुंचा। आज ही सरकारी स्कूलों के शिक्षकों व प्रिंसिपल को सिंगापुर में ट्रेनिंग देने के लिए रवाना कर के आया हूं ताकि सरकारी स्कूलों के बच्चे भी आगे बढ़े। शिक्षक काबिल होंगे तभी तो बच्चे भी खूब पढ़ेंगे केवल प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों में ही काबिलियत नहीं है हमारे सरकारी स्कूलों के शिक्षकों में भी बहुत काबिलियत है। इसलिए ही यह ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए गए हैं और उनके नतीजे सरकारी स्कूलों में



देखने को भी मिलेंगे। वहीं पंजाब के युवाओं को नौकरियां देने वाले नहीं बल्कि बांटने वाले बनाएंगे इसके लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम भी चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सरकार का मकसद यही है कि दबे और कुचले लोगों के परिवारों के बच्चों को भी शिक्षित करना है क्योंकि जब पढ़ लिख गए तो उनकी सोच भी बदल जाएगी और अफसर भी बन जाए। तभी तख्तापलट होगा क्योंकि सोच बदलने से ही बदलाव आएगा यह देश एक फुलवाड़ी है इसमें रंग भी तरह-तरह के हैं। आप टैक्स देते हैं इसलिए आपका ही पैसा है और आप के विकास के लिए ही लगेगा। 1 मांगेंगे तो सवा रुपया दूंगा जो भी यहां बस या चित्र की जरूरत है उसे पूरा करूंगा क्योंकि मैं उन लोगों से नहीं हूं जो वायदे या घोषणा करके बाद में भूल जाते हैं। मैं वही बोलूंगा

**जालंधर के बस्ती दानिश्मांडा बाबू जगजीवन सिंह चौक में शोभायात्रा को रवाना करने के लिए मुख्यमंत्री मान पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक अगर काबिल होंगे तभी तो बच्चे भी खूब पढ़ेंगे हमारे सरकारी स्कूलों के शिक्षकों में भी बहुत काबिलियत है।**

जो मुझे याद रहे और सच है ताकि किसी मंच पर भी जाऊंगा तो मुझे सोचना ना पड़े कि मैं पिछली बार क्या अनाउंसमेंट करके गया था। आपके आसपास मोहल्ला क्लीनिक हो और एक स्वच्छ साफ सुथरा और विद्यार्थियों को शिक्षा देने वाला आधुनिक स्कूल हो इससे अच्छा और क्या हो सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि खजाना खाली था हर किसी ने शोर मचाया की खजाना खाली है तो क्या करें, हम आए तब भी यही हालात थे मगर बिजली का बिल हमने 0 करके दिखा दिया। चंडीगढ़ फाइल लेकर आए तो आपके जालंधर पहुंचने से पहले खातों में पैसा आ जाएगा और आप उस विकास कार्यों में उनको लगाएं। घोषणा 10-12 कि नहीं चार की ही करो और उन्हें करके दिखाओ यही सरकार का उद्देश्य है। हमें अंग्रेजों ने इतना नहीं लूटा जितना हमें हमारे लोग ही लूट रहे हैं तभी तो भ्रष्टाचार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मुझे सरकार में आने की क्या जरूरत है, मैं तो पहले से ही मशहूर था मुझे तो ना टीवी पर आने का शौक है और ना ही अखबारों में। मगर मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है कि सरकार संभालो और सतगुरु रविदास महाराज मुझे यही बुद्धि बक्से की किसी भी गलत फाइल पर हस्ताक्षर ना कर सकूं।

# सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराई कार, दो युवकों की दर्दनाक मौत

**कलानौर (एजेंसी)**

शनिवार को पंजाब में बड़ा सड़क हादसा देखने को मिला। कलानौर से बटाला मार्ग पर आते अड्डा कोट मियां साहिब के पास सड़क किनारे लगे पेड़ से एक कार टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार चालक और उसके साथी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान परमिंदर सिंह और साहिल प्रीत के रूप में हुई है। ये मरड़ी के रहने वाले हैं। बता दें कि, परमिंदर सिंह विदेश जाने की तैयारी कर रहा था। शनिवार को विदेश जाने के लिए परमिंदर अपने दस्तावेज लेने घर आया था। जानकारी देते हुए मृतक युवक परमिंदर सिंह की मां पवनप्रीत कौर ने बताया कि उसका बेटा परमिंदर सिंह (20) विदेश जाने के लिए अपने डॉक्यूमेंट देने के लिए अपने गांव के दोस्त साहिल प्रीत (28) के साथ घर आया था। इसी दौरान शनिवार को ये हादसा हो गया। मां



पवनप्रीत ने बताया कि उसका बेटा विदेश जाने के लिए तैयारी कर रहा था, मगर उन्हें क्या पता था कि उनका बेटा हमेशा के लिए छोड़कर चला जाएगा। मृतक युवक सहिल प्रीत सिंह के मामा दलजीत सिंह ने बताया कि उनकी अड्डा खानोवाल में मोबाइल की दुकान है। उन्हें जब हादसे का पता चला तो, वह घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि उनके भांजे की मौत हो चुकी थी। उधर घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी कलानौर मनजीत सिंह ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। शवों को कब्जे में लेकर धारा 174 के तहत कार्रवाई की गई है। कलानौर से बटाला मार्ग पर आते कोट मियां साहिब के पास सडक हादसे में दो युवकों की मौत होने का कारण सडक किनारे लगे पेड़ो को माना जा रहा है। राहगीर बलदेव सिंह, सरबजीत सिंह, संदीप सिंह, बलविंदर सिंह आदि ने बताया कि कलानौर से लेकर कोट मियां साहिब तक सड़क के दोनों किनारों पर लगे पेड़ हादसों का कारण बन रहे है। इस सड़क के दोनों किनारों पर गरिल न होने से सफेदे के पेड़ सड़क के किनारों पर आ गए है और बाहरी वाहन चालक जब इस मार्ग से गुजरते है तो सड़क के किनारे न होने के कारण वाहन सड़क किनारे लगे पेड़ों में टकरा जाते है। हालांकि इससे पहले भी अनेकों सड़क हादसे घटित हो चुके है और कई कीमती जान जा चुकी है। बता दें कि, सड़क किनारे लगे इन पेड़ों की वजह से कई लोगों की जान जा चुकी है। इसी को देखते हुए पेड़ों को काटने की मंग भी की जा रही है। पेड़ो की कटाई संबंधी कई बार मांग भी उठाई जा चुकी है, मगर प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसका खमियाजा लोगों को अपनी जान गंवाकर भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन व वन्य विभाग से मांग की कि सड़क किनारे लगे पेड़ों की कटाई की जाए।

## अपनी ही सर्विस पिस्टल से ट्रैफिक पुलिस के एसआई को लगी गोली, अस्पताल में चल रहा इलाज

**बटाला (एजेंसी)**

ट्रैफिक पुलिस के एसआई हरजीत सिंह अपनी ही सर्विस पिस्टल से गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो



गया। पुलिस अधिकारियों की तरफ से घायल हरजीत सिंह को बटाला के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। बता दें कि शनिवार को शाम लगभग चार बजे ट्रैफिक पुलिस एसआई हरजीत सिंह पुलिस लाइन बटाला में अपनी सर्विस पिस्टल की सफाई कर रहा था, तब अचानक से पिस्टल से गोली चल गई। और वह गोली हरजीत सिंह की ठुड्डी के आर-पार हो गई। खुद की पिस्टल से चली गोली से ही हरजीत घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस अधिकारी घायल एसआई हरजीत सिंह को बटाला के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां पर डॉक्टरों द्वारा एसआई हरजीत सिंह का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर ने बताया कि एसआई हरजीत सिंह खतरे से बाहर हैं। वहीं अस्पताल में पहुंचे डीएसपी सिटी ललित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैफिक पुलिस अधिकारी एसआई हरजीत सिंह जो कि पुलिस लाइन बटाला में अपनी सर्विस पिस्टल की सफाई कर रहा था कि अचानक उसके सर्विस पिस्टल से गोली चल गई और वह गोली हरजीत सिंह की ठुड्डी के आर पार होने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और जमीन पर गिर गया।

जब उनसे गोली चलने का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह जांच का विषय है। डीएसपी सिटी ने कहा कि गोली सर्विस पिस्टल से कैसे चली है उस पर जांच की जाएगी। फिलहाल, हरजीत सिंह का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# कैंसर के बढ़ते मामलों को लेकर शुरू होगी अनुसंधान प्रक्रिया, गृह मंत्री अनिल विज का ऐलान



**अम्बाला (एजेंसी)**

हरियाणा में कैंसर के बढ़ते मामलों को लेकर एक अनुसंधान प्रक्रिया को आरंभ किया जाएगा।

आज शनिवार को हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि कैंसर बढ़ रहा है कि कैंसर के अनुसंधान हेतू एक कमेटी का गठन जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कमेटी कैंसर के मरीजों की हिस्ट्री को रिकार्ड करेगी और अनुसंधान के अन्य जो भी तरीके होते हैं उनको अपनाकर इस पर अध्ययन/रिसर्च करवाई जाएगी। अनिल विज आज अंबाला में जनता दरबार के दौरान मीडिया कर्मियों द्वारा कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर के बढते मामलों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कैंसर के ऊपर रिसर्च भी होनी चाहिए और हम भी कोशिश कर रहे हैं कि हमारा रोहतक वाला पीजीआई इस पर रिसर्च करें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, ÷यह कैंसर बहुत तेजी से बढ़ रहा है और अपने पांव पसार रहा है, उसी को देखते हुए हमने अंबाला कैंट में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल बनाया है और लोगों को उसका बहुत लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में अब तक लगभग 125 के आसपास सफलतापूर्वक ऑपरेशन भी किए जा चुके हैं और आसपास के पड़ोसी राज्यों के मरीज भी यहां पर आते है। श्री विज ने कहा कि आने वाली 15 तारीख से एक निदेशक भी यहां पर अपनी ड्यूटी ज्वाइन कर लेंगे और वह एम्स के सीनियर डॉक्टर है। एमबीबीएस के पाठ्यक्रम में आयुर्वेद को पढ़ाने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में अनिल विज ने कहा कि हमने उसकी संभावनाओं को पता लगाने के लिए एक कमेटी का गठन किया है और उस पर हम सभी पक्षों से बात कर रहे हैं।

## केंद्रीय जेल से दो मोबाइल फोन बरामद, तीन कैदियों पर केस दर्ज

**तरनतारन (एजेंसी)** केंद्रीय जेल गोइंदवाल साहिब में बंद हवालातियों द्वारा मोबाइल फोन का लगातार प्रयोग किया जा रहा है। सूचना मिलते ही शनिवार को जेल से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इस बाबत तीन हवालातियों पर केस दर्ज किया गया है। केंद्रीय जेल के सुपरिटेंडेंट इकबाल सिंह बराड़ ने बताया कि गांव अलगों कलां निवासी रविंदर सिंह के खिलाफ एसएसओसी द्वारा पांच मई 2022 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपित गोइंदवाल साहिब की जेल में बंद है। सहायक सुपरिटेंडेंट सावन सिंह द्वारा रविंदर सिंह की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक टच मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड, एक हेडफोन बरामद किया गया। इसी प्रकार गांव बलेर निवासी गुरप्रीत सिंह, गांव रानीवल्लह निवासी गुरलाल सिंह से सेमसंग कंपनी का एक मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किया गया। जांच में सामने आया कि गुरप्रीत सिंह खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज है।

जबकि गुरलाल सिंह मारपीट के मामले में जेल में बंद है। तीनों आरोपितों के विरुद्ध थाना गोइंदवाल साहिब में एएसआइ भूपिंदर सिंह द्वारा मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है। केंद्रीय जेल गोइंदवाल साहिब की बेरक नंबर-2 के कमरा नंबर-5 की तलाशी दौरान 11 ग्राम अफीम बरामद की गई। जेल के सहायक सुपरिटेंडेंट करनैल सिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों खिलाफ थाना गोइंदवाल साहिब में मुकदमा दर्ज करवाकर जांच की जा रही है। बता दें कि, जेल में मोबाइल फोन और नशे का सामान मिलना आम बात हो गई है। वैसे तो जेल में कैदियों को उनके गलत कामों की सजा कांटने के लिए भेजा जाता है, लेकिन कुछ कैदी जेल में अय्याशी कर रहे हैं।


## SUNSHINE CAPITAL LIMITED

CIN: L65993DL1994PLC060154
Regd. Off: 209 BHANOT PLAZA II 3 D B GUPTA ROAD NEW DELHI-110055
Corp. Office : 16/121-122, Jain Bhawan, First Floor Faiz Road, W.E.A Karol Bagh New Delhi 110005
Email Id: sunshinecapital95@gmail.com, Website : www.sunshinecapital.in
Ph : 011- 23582393

**Unaudited Financial Result for the Quarter and Nine Months Ended 31.12.2022**

(IN LACS EXCEPT EPS)

| S.N | Particulars | Quarter Ended | | Nine Months Ended | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | CURRENT QUARTER | CORRESPONDING QUARTER | CURRENT NINE MONTHS | YEAR TO DATE FIGURES FOR PREVIOUS YEAR |
| | | 01.10.2022 to 31.12.2022 (₹) | 01.10.2021 to 31.12.2021 (₹) | 01.04.2022 to 31.12.2022 (₹) | 01.04.2021 to 31.03.2022 (₹) |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from operation | 167.37 | 209.58 | 515.09 | 761.60 |
| 2 | Net Profit / Loss for the period before tax and exception items | 110.49 | (1,168.07) | 397.26 | (709.41) |
| 3 | Net Profit/ Loss for the period before tax (after exception itmes) | 110.49 | (1,168.07) | 397.26 | (709.41) |
| 4 | Net Profit/ Loss for the period after tax (after exception itmes) | 110.49 | (1,168.07) | 397.26 | (709.41) |
| 5 | Total [Comprehensive income/ loss for the period [comprising profit/ loss for the period (after tax) and other comprehensive income/ loss (after tax)] | 110.49 | (1,168.07) | 397.26 | (709.41) |
| 6 | Paid up equity share capital | 1,302.09 | 1,302.09 | 1,302.09 | 1,302.09 |
| 7 | Earning per share after exception item Basic & Diluted | 0.85 | (8.97) | 3.05 | (5.45) |

**Note**

1. The above unaudited financial results for the quarter and nine months ended December 31, 2022 were reviewed by the Audit Committee at the meeting and approved by the Board of Directors and taken on record at the meeting held on 04th February 2023.
2. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial result filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and disclosure requirements) Regulations 2015. The full format of the quarterly financial result are available on the company's website www.sunshinecapital.in

For and on behalf of board of directors of
For Sunshine Capital Limited

Date : 04.02.2023
Place : New Delhi

Surendra Kumar Jain
Managing Director
DIN : 00530035

## एक नज़र

### मुंबई में फर्जी कॉल सेंटर से आरोपी गिरफ्तार, भारत से लेकर अमेरिका तक के लोगों से ठगी

**मुंबई (एजेंसी)** मुंबई में एक विदेशी मुद्रा और कमोडिटी ट्रेडिंग में मदद के नाम पर चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि फर्जी कॉल सेंटर से एक 28 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शख्स कथिततौर पर भारत और अमेरिका के लोगों को विदेशी मुद्रा, करेंसी और कमोडिटी ट्रेडिंग में सहायता प्रदान करने के बहाने धोखाधड़ी करता था। बांगुर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि कॉल सेंटर के संचालक को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि आरोपित मलाड के उत्तरी उपनगर से फर्जी कॉल सेंटर का संचालन कर रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपित के दो साथी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने कहा कि फर्जी कॉल सेंटर संचालक को मलाड लिंक रोड पर एक कॉमर्शियल परिसर में एक दुकान पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया, जहां फर्जी कॉल सेंटर स्थित था। पुलिस ने बताया कि आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि आरोपित के साथ काम कर रहे कुछ लोगों ने उसकी फर्म की वेबसाइट पर लॉग इन किया था और अमेरिकी नागरिकों को ठगने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरोपति लोगों को विदेशी मुद्रा, करेंसी और कमोडिटी ट्रेडिंग से संबंधित पोंजी योजनाओं में निवेश करने का लालच दे रहे थे।

### सूरत के वेडरोड इलाके में कुत्ते ने किया बच्ची पर हमला, गंभीर रूप से घायल हुई लड़की

**गांधीनगर (एजेंसी)** देश के अलग अलग हिस्सों में हुई आवारा कुत्तों की घटना की तरह ही एक बार फिर सूरत शहर से आवारा कुत्तों का आतंक सामने आया है। सूरत के वेडरोड इलाके में कुत्ते के हमले में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है। कुत्ते के आतंक की पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज भी कैद हो गई है। कुत्ते ने बच्ची को काटा और उसका हाथ जख्मी कर दिया। सूरत के वेडरोड इतवाला चॉल इलाके में खेल रही एक बच्ची को आवारा कुत्ते ने नोच बेहरहमी से नोच डाला है। जिससे बच्ची के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

यही नही पिछले 12 घंटे में इसी इलाके में 3 बच्चों समेत करीब 7 लोगों को कुत्तों ने काटा है। उधर, यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि कुत्ता भाग रहा है और लड़की उसके सामने आ जाती है और कुत्ता लड़की पर हमला कर देता है। जब बच्ची कुत्तों को खाना खिलाने के लिए पुचकार रही थी। कुत्ते के हमले के बाद वहां मौजूद कुछ लोगों ने दौड़कर कुत्तों को भगाया भी था लेकिन बच्ची जबतक घायल हो गई थी। बताया गया कि कुत्तों को खाना खिलाते समय बच्ची के हाथ में गंभीर चोट लग गई और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वेडरोड के अलावा कुछ दिन पहले इसी तरह की घटना वराछा अश्विनी कुमार रोड के पास हुई थी।

### नरकटियागंज और लौरिया से बंगाल की छह नाबालिग लड़कियां मुक्त कराई गईं, आर्केस्ट्रा संचालक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/लौरिया (एजेंसी)** जिला पुलिस ने चाइल्ड हेल्प लाइन और मुक्ति फाउंडेशन दिल्ली के साथ मिलकर शनिवार की सुबह में नरकटियागंज और लौरिया में अलग-अलग आर्केस्ट्रा ग्रुप पर छापेमारी कर छह लड़कियों को मुक्त कराया है। एक आर्केस्ट्रा संचालक भी गिरफ्तार किया गया। सभी लड़कियां बंगाल की बताई जा रही हैं।

शिकारपुर के थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि आर्केस्ट्रा में जबरन नाबालिग लड़कियों से काम कराने के मामले में केहुनिया गांव निवासी और आर्केस्ट्रा संचालक सुजीत पासवान को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, जुड़ी मियां टोला में संचालित नेहा म्यूजिकल नामक आर्केस्ट्रा से तीन और अजुआ सुगौली से एक नाबालिग लड़की को मुक्त कराया गया है। मुक्त कराई गई सभी लड़कियों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। इधर, मामले में चाइल्ड हेल्प लाइन के अरविंद पांडेय ने शिकारपुर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें बताया है कि शनिवार की सुबह 6~20 बजे जुड़ी मियां टोला के नेहा म्यूजिक ग्रुप से तीन और अजुआ सुगौली आर्केस्ट्रा से एक नाबालिग को संस्था के आदित्य कुमार, अजय कुमार, मुक्ति फाउंडेशन के शुभम कुमार, वीरेंद्र सिंह, रेस्क्यू फाउंडेशन दिल्ली के अक्षय पांडेय, इंस्पेक्टर एससी माधव, राणा विजय सिंह, एसआई सुधा कुमारी के साथ संयुक्त कार्रवाई में मुक्त कराया गया।

### दरभंगा : इंटर की परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार छात्रों को बस ने रौंदा

**केवटी (एजेंसी)** रैयाम-मुरिया मार्ग में सदर थाना अंतर्गत लोआम खरही चौक के पास शनिवार की सुबह इंटर की परीक्षा देने जा रहे एक बाइक पर सवार छात्रों को स्कूली बस ने रौंद दिया। मौके पर ही एक छात्र की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृत छात्र केवटी थाना क्षेत्र के छतवन गोट गांव निवासी मनोज कुमार सिंह का पुत्र प्रियांशु कुमार सिंह बताया गया है। जख्मी छात्र छतवन गोट गांव के राम बहादुर साह का पुत्र चंदन कुमार साह एवं विशनपुर गांव के ध्यानी पासवान का पुत्र अमन कुमार पासवान है। घटना के बाद लोआम खरही चौक के अलावा आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने इसकी सूचना सदर थाने की पुलिस को देते हुए जख्मी दोनों छात्रों को इलाज के लिए डीएमसीएच भेजा।

चालक बस को छोड़कर भागने में सफल रहा। सूचना मिलते ही सदर थाने की पुलिस ने वहां पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजते हुए दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर मृत छात्र के स्वजन एवं गांव में कोहराम मच गया।

### बिहार कृषि विश्वविद्यालय की लैब में चिनिया केले को मिला पुनर्जीवन, तैयार की पौध बढ़ाएगी किसानों की आय

**भागलपुर (एजेंसी)** तीन दशक पूर्व तक औषधीय गुणों से भरपूर खास स्वाद-सुगंध वाले चिनिया और मालभोग केले बिहार की पहचान हुआ करते थे। 80 प्रतिशत उत्पादन इन्हीं दोनों केलों का था। बाद के समय में पनामा बिल्ट बीमारी के कारण केले की इन किस्मों की खेती कम होती चली गई। अब बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर ने टिश्यू कल्चर के माध्यम से चिनिया केले के पौधे तैयार किए हैं। ये पौधे किसानों के साथ वन व कृषि विभाग को दिए जाएंगे। पनामा बिल्ट रोग से मुक्त रहने के कारण किसान इनकी खेती की ओर फिर से अग्रसर होंगे। चिनिया केले की कीमत आम केले से अधिक मिलती है।



इससे किसानों की आय भी बढ़ेगी। विश्वविद्यालय की टिश्यू कल्चर लैब के प्रभारी सह विज्ञानी डा. एच मीर बताते हैं कि चिनिया केले के गुणवत्तायुक्त निरोगी पौधे का प्रयोगशाला में कई स्तरों पर परीक्षण किया जा चुका है। इसके बाद पौधों को मिट्टी में लगाया गया है। टिश्यू कल्चर से तैयार पौधों से चिनिया केला 13 से 15 माह में तैयार हो जाता है, जबकि सामान्य पौधों से फल 16 से 17 महीने में तैयार होते हैं। टिश्यू कल्चर से तैयार पौधों की खासियत यह है कि इनसे 30-35 किलोग्राम केले निकलते हैं। चिनिया केला मुलायम, सफेद, सुगंधित और खट्टे-मीठे स्वाद के अनोखे मिश्रण के साथ होता है।

# झामुमो का 51वां स्थापना दिवस : धनबाद में विपक्षियों पर बरसे सोरेन, कहा- बाहरियों ने झारखंड को बनाया चारागाह

**धनबाद (एजेंसी)**

झामुमो के 51वें स्थापना दिवस पर शनिवार को झामुमो समर्थक की भीड़ शहर में उमड़ पड़ी, जो ढोल-नगाड़ा बजाते हुए जुलूस के साथ सभास्थल गोल्फ ग्राउंड पहुंचीं। पुलिस भी ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय दिखाई दी। यह पहला मौका है जब स्थापना दिवस समारोह दोपहर में हो रहा है और इसके बावजूद समर्थकों का उत्साह चरम पर है।




दोपहर में भी झामुमो भीड़ जुटाने में सफल रहा। करीब ढाई बजे गोल्फ ग्राउंड में सभा शुरू हुई। टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अध्यक्ष व संचालन मंडली की घोषणा की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 20 साल बाद पहली बार आदिवासी-मूलवासी की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि संघर्ष और बलिदान झारखंडियों की किस्मत में ही लिखा हुआ है। सरकार बनते ही कोविड महामारी फैल गई, लेकिन हमने बेहतर प्रबंधन से झारखंड को इससे बाहर निकाला। मजदूरों को हवाई जहाज से मंगवाया। दो साल बाद जब जीवन पटरी पर लौटा तो हमने विकास को गति दी। इस गति को देखकर विपक्षियों को पेट दर्द हो रहा है। सीएम ने कहा कि जिस तरह गुरुजी को जीवन भर कोर्ट कचहरी का चक्कर कटवाया, जेल भिजवाया, आज फिर वही हो रहा है। जैसे गुरुजी लड़े, हम भी लड़ रहे हैं। हमारी मांगों को बराबर असंवैधानिक बताया जा रहा है। सरना धर्म कोड, 1932 खतियान लाया तो यूपी, बिहार के लोगों को पेट दर्द हो रहा है।

कोर्ट जाने वाले 20 में से एक भाजपा नेता और 19 यूपी, बिहार के लोग हैं। कर्नाटक में भाजपा सरकार ने स्थानीय लोगों को नौकरी में प्राथमिकता दी तो वह संवैधानिक हो गया। कोल कंपनियों पर झारखंड के अरबों रुपये बकाया हैं। सबसे अधिक झारखंडी बाहर मजदूरी कर रहे हैं और बाहर के लोगों ने झारखंड को चारागाह बनाया दिया है। सरकारी कर्मियों का भी शोषण किया गया। सरकारी कर्मी धैर्य रखें, सरकार आपकी समस्या सुलझाएगी। पैरा शिक्षक, आंगनबाड़ी कर्मियों को सरकार ने हक दिया है। हमलोग कानून बनाते हैं तो लोग जश्न मनाते हैं। जाति के नाम पर सरकारी महकमे को परेशान कर रखा था। कोर्ट कचहरी सिर्फ सोरेन परिवार पर होता है। उन्हें मालूम है कि सोरेन परिवार के रहते इनकी दाल नहीं चलेगी। आदिवासी मूलवासी की सरकार बने यह इन्हें मंजूर नहीं है। जब इन्होंने अपने लोगों को पांच साल नहीं चलने दिया तो हमें पांच साल रहने देंगे। झारखंडियों को बोका समझते हैं। हम व्यापारियों के प्रतिनिधि नहीं हैं। महंगाई पहले डायन लगती थी, अब भौजाई लगती है। 20 लाख गरीबों का हरा राशन कार्ड हमने बढ़ाया। सरकार हमें एफसीआई से राशन नहीं दे रही है। बाजार दर पर चावल खरीदकर गरीबों को दे रहे हैं। राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड को उसका बकाया पैसा नहीं देती है। केंद्र सरकार झारखंड को लूटना चाहती है। झरिया आग को सालों बाद भी केंद्र सरकार नहीं बुझा रही है। झारखंड का हक मांगने पर केंद्र सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान कर रही है।

**झामुमो के 51वें स्थापना दिवस पर शनिवार को झामुमो समर्थक की भीड़ शहर में उमड़ पड़ी जो ढोल-नगाड़ा बजाते हुए जुलूस के साथ सभास्थल गोल्फ ग्राउंड पहुंचीं। पुलिस भी ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय दिखाई दी।**

भाजपा शासन में लड़कियों की तस्करी करने वाले सरगना को हेमंत सरकार ने जेल भेजा। झारखंड की बेटियों को अब बाहर जाकर अपमानित नहीं होना पड़ेगा। हेमंत सरकार ने यह व्यवस्था की है। कार्यक्रम के दौरान गिरिडीह के विधायक सुदिब्य कुमार सोनू ने कहा कि जो सपने पूरे नहीं हो पाए हैं, उन्हें हेमंत सरकार पूरा करेगी। 1932 का खतियान हमारी पहचान है। 1932 के पहले से जो हैं, वही झारखंडी है। इसे लड़कर लागू करेंगे। शक्तिनाथ महतो का संकल्प आज सच साबित हुआ।

## उपराज्यपाल ने एनडीएमसी के नवनिर्मित आवासीय परिसर पालिका अमृत काल निवास का उद्घाटन किया

**ओपन सर्च. संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल, श्री विनय कुमार सक्सेना और भारत सरकार की संस्कृति और विदेश राज्यमंत्री, श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने कल नई दिल्ली के अलीगंज-जोर बाग में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) के कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर पालिका अमृत काल निवास का उद्घाटन किया और यहां रहने के लिए, मुख्य रूप से एनडीएमसी के सफाई कर्मचारियों को आवंटन पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर पालिका परिषद के अध्यक्ष - श्री अमित यादव, उपाध्यक्ष - श्री सतीश उपाध्याय, परिषद के सदस्य - श्री कुलजीत सिंह चहल, श्रीमती विशाखा सैलानी, सचिव - डॉ. अंकिता चक्रवर्ती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



इस अवसर पर बोलते हुए माननीय उपराज्यपाल, जिन्होंने यहां रहने वालों को आवंटन पत्र सौंपे थे, उन्होंने कहा कि ये नवनिर्मित आधुनिक फ्लैट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के महत्वाकांक्षी भारत सहित प्रत्येक व्यक्ति के लिए सम्मानजनक जीवन स्थितियों के समग्र दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने दोहराया कि स्वच्छता कार्यकर्ता ऐसी आधारशिला हैं, जिस पर एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज की इमारत टिकी हुई है। पालिका अमृत काल निवास आवासीय परिसर, जिसमें चार 10 मंजिला टावरों में 200 टाइप - द्वद्व के फ्लैट शामिल हैं, इनका निर्माण 8081 वर्गमीटर के कुल क्षेत्रफल में 49 करोड़ रुपये की अनुमानित व्यय लागत के मुकाबले 40.34 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है । प्रत्येक फ्लैट का क्षेत्रफल 54.36 वर्गमीटर है। आवासीय परिसर में कुल आठ लिफ्ट लगाई गई हैं, इनमें से प्रत्येक टावर में दो लिफ्ट हैं। यह आवासीय परिसर एक भूकंप रोधी संरचना है और इसमें फायर अलार्म और फायर फाइटिंग सिस्टम का प्रावधान किया गया है। अग्निशमन और घरेलू जल उपयोग के लिए ओवरहेड और भूमिगत पानी की टंकियों के भी यहां निर्माण किया गया हैं। समुचित वर्षा जल संचयन प्रणाली भी इस आवास परिसर की मुख्य विशेषताओं में से एक है।

इससे पहले, यहां परिसर में 130 टाइप-1 प्रकार के फ्लैट थे, जो अपने उपयोगिता जीवन काल को समाप्त कर चुके थे और जीर्ण अवस्था में थे। एक सर्वे रिपोर्ट के बाद पुराने फ्लैटों को तोड़ा गया और एनडीएमसी के आर्किटेक्चर विभाग ने उसी जमीन पर नए फ्लैटों के निर्माण की योजना तैयार की, जिसके बाद ये नवनिर्मित फ्लैट बने है।

## ओडिशा में हादसों का शुक्रवार- बोलेरो और बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, पिकअप की टक्कर से छह लोग घायल

**भुवनेश्वर (एजेंसी)**

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। बड़गड़िया के समीप बाइक एवं बोलेरो के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि अन्य एक गम्भीर व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया।

घटना कथित रूप से भद्रक से कटक जाने के दौरान हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक जामुझाड़ी गांव के शिव प्रसाद सेठी एवं रघुनाथ सेठी काम खत्म कर बाइक के जरिए घर लौट रहे थे। इस दौरान जामुझाड़ी से बासुदेवपुर की तरफ जाते समय एक बोलरो के साथ बड़गड़िया के समीप बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इससे बाइक में रहने वाले शिव प्रसाद सेठी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं रघुनाथ सेठी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद पीड़ित को गम्भीर अवस्था में पहले सिमुलिया मेडिकल में भर्ती किया गया, लेकिन यहां पर उनके स्वास्थ्य में सुधार ना हो सका। घायल रघुनाथ की हालत बिगड़ते देख उन्हें पिछली रात को भद्रक से कटक एससीबी मेडिकल के लिए स्थानांतरित किया गया, जहां कटक ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। खबर मिलने के बाद सिमुलिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जब्त कर मेडिकल भेजने के साथ बोलरो गाड़ी में रहने वाले दो युवकों को हिरसात में ले लिया है। पुलिस इन दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है कि आखिर किस वजह से यह हादसा हुआ है। इधर जगतसिंहपुर जिले के पारादीप दोछकी के समीप एक अन्य सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में 6 लोग घायल हो गए हैं।

## मैक्लोडगंज में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, दुकानदारों को दी गई हिदायत

**धर्मशाला (एजेंसी)**

मैक्लोडगंज में दुकानदारों के निकास नालियों पर अतिक्रमण किए जाने पर नगर निगम ने कारवाई



शुरू कर दी है। शनिवार को नगर निगम ने पीला पंजा चलाकर यहां चार दुकानों के संचालकों के निकास नालियों पर किए गए अतिक्रमण को हटा दिया है। साथ ही अन्य दुकानदारों को भी हिदायत जारी कर दी है कि वह भी अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा उनके खिलाफ भी कारवाई अमल में लाई जाएगी। नगर निगम की ओर से मौजूदा समय में मैक्लोडगंज में सड़क पर टाइलें डालने का कार्य किया जाना है। इसी के चलते निगम की ओर से पहले अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिससे कि जो भी दुकानदार निकास नालियों पर अपनी दुकानदारी सजा रहे हैं यहां जिन्होंने अवैध निर्माण कर लिए हैं, उन्हें हटाया जा सके। इससे सड़क मार्ग भी खुलेगा और रोजाना लोगों को पेश आने वाली समस्याओं से भी निजात मिलेगी। इससे पहले भी निगम की ओर से मैक्लोडगंज में अतिक्रमण के खिलाफ कारवाई की जा चुकी है। निगम की ओर से शनिवार को पीला पंजा चलाकर हटाए गए अतिक्रमण से दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया है। उधर, नगर निगम धर्मशाला के महापौर ओंकार नैहरिया के मुताबिक मैक्ललोडगंज बाजार के सुंदरीकरण के साथ-साथ यहां सड़क मार्गो में टाइलें डाली जाएंगी। इससे पहले यहां किए गए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को चार अतिक्रमण हटाए गए हैं।

## हरिद्वार में हुआ सीएम के बेटे का यज्ञोपवीत, पहाड़ी परिधान में सजी दिखीं पत्नी गीता धामी

**देहरादून (एजेंसी)**

हरिद्वार में पूरे विधिविधान के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बड़े बेटे दिवाकर का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। इस दौरान सीएम ने अपने तीर्थ पुरोहित के पास अपनी बही वंशावली में नाम लिखवाया। हरिद्वार स्थित कुशा घाट पर यज्ञोपवीत संस्कार एक सूक्ष्म कार्यक्रम में पूर्ण विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।



आयोजन में सीएम के साथ उनकी पत्नी सहित परिवार के लोग मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी कुमाऊंनी परिधान में खूब खिल रही थीं। कुमाऊंनी पिछौड़ा और नथ में वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। बता दें कि हिंदू धर्म में कुल 16 संस्कार हैं, जिनमें से यज्ञोपवीत संस्कार विशेष महत्व रखता है। इसे उपनयन संस्कार भी कहते हैं। जनेऊ धारण करने के बाद व्यक्ति को अपने जीवन में नियमों का पालन करना पड़ता है। उसे अपनी दैनिक जीवन के कार्यों को भी जनेऊ को ध्यान में रखते हुए ही करना होता है। सनातन धर्म में आज भी बिना जनेऊ संस्कार के विवाह पूर्ण नहीं माना जाता है। जनेऊ, यज्ञोपवीत को हिंदू धर्म का विशेष संस्कार माना जाता है। इसे धारण करने की परंपरा सदियों से यूँ ही चली आ रही है। यह संस्कार अमूमन 10 साल से कम उम्र के बालकों का करवाया जाता है।

लेकिन आजकल अधिकतर युवा शादी से पहले जनेऊ संस्कार करवाते हैं। यज्ञोपवीत संस्कार से पूर्व मुंडन करवाया जाता है। इस दिन स्नान करवाकर उसके सिर और शरीर पर चंदन केसर का लेप लगाया जाता है और जनेऊ पहनाकर ब्रह्मचारी बनाया जाता है। फिर हवन पूजन किया जाता है। भगवान गणेश आदि देवताओं का पूजन की बालक को अधोवस्त्र के साथ फूलों की माला पहनाकर बैठाया जाता है। इसके बाद दस बार गायत्री मंत्र पढ़कर देवताओं का आह्वान किया जाता है।

इस दौरान बालक से शास्त्र शिक्षा और व्रतों के पालन का वचन लिया जाता है। गुरु मंत्र सुनाकर कहता है कि आज से तू अब ब्राह्मण हुआ अर्थात ब्रह्म (सिर्फ ईश्वर को मानने वाला) को माने वाला हुआ। इसके बाद मृगचर्म ओढ़कर मुंज (मेखला) का कंदोरा बांधते हैं और एक दंड हाथ में दे देते हैं। वह बालक उपस्थित लोगों से भिक्षा मांगता है।

# अभियान पर बोले गुलाम नबी आजाद- अपने ही लोगों को बेघर करना, किसी सरकार की नीति नहीं हो सकती

**श्रीनगर (एजेंसी)**

जम्मू-कश्मीर में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई के खिलाफ स्थानीय लोगों से लेकर राजनीतिक दल सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बीच, डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने अवैध अतिक्रमण रोधी अभियान में गरीबों को बख्शने के लिए राजभवन से औपचारिक आदेश की मांग की।

गुलाम नबी आजाद ने प्रशासन से इस कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। शनिवार को गुलाम नबी आजाद ने कहा कि हमने राजभवन से इस कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए आदेश की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा भी की कि उनकी पार्टी बेदखली के खिलाफ अपने प्रस्तावित प्रदेश व्यापी आंदोलन को रोक रही है क्योंकि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि गरीबों को बेदखल नहीं किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद पार्टी ने आंदोलन को रोक दिया है। डीएपी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने बताया कि प्रशासन की ओर से अतिक्रमण विरोधी कानून पर रोक लगाने और गरीबों को बेदखल न करने का आश्वासन दिया गया है। इस आश्वासन के बाद डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी ने अतिक्रमण के खिलाफ जारी आंदोलन पर रोक लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया कि गरीब लोगों को उनके घरों से नहीं निकाला जाना चाहिए। गरीब



**इसी बीच डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने अवैध अतिक्रमण रोधी अभियान में गरीबों को बख्शने के लिए राजभवन से औपचारिक आदेश की मांग की। गुलाम नबी आजाद ने प्रशासन से इस कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।**

दुकानदारों को उनकी दुकानों से बेदखल नहीं किया जाना चाहिए जिससे वे अपनी आजीविका कमाते हैं। जम्मू-कश्मीर एलजी ने भी बयान दिया है कि गरीबों को बख्शा जाएगा। इसलिए, हमने उनके आश्वासन पर अपना आंदोलन स्थगित करने का फैसला किया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बयान का स्वागत करते हुए गुलाम नबी आजाद ने कहा कि अपने ही लोगों को बेघर करना किसी भी सरकार की नीति नहीं हो सकती है। कांग्रेस के पूर्व महासचिव ने कहा, इनमें से ज्यादातर लोग गरीब हैं। लोगों को बेघर करना किसी भी सरकार की नीति नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन के परस्पर विरोधी बयानों ने एक भ्रम पैदा किया है। इसलिए, राजभवन को एक औपचारिक आदेश जारी करना चाहिए, जिसमें यह स्पष्ट किया जाए कि गरीब लोगों और छोटे दुकानदारों को बेदखल नहीं किया जाएगा। बता दें कि, एक दिन पहले गुलाम नबी आजाद के पार्टी ने सोनवार चौक के पास मुख्य सड़क को जाम कर किया था और विरोध प्रदर्शन किया था। पार्टी के सदस्यों ने अतिक्रमण हटाने के आदेश को वापस लेने की मांग के साथ ही सड़कें जाम की।

इस विरोध प्रदर्शन पर भी गुलाम नबी आजाद ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जब से बेदअली का आदेश प्रशासन की ओर से आया है, तब से विरोधी दलों ने प्रदर्शन का ऐलान तो किया, लेकिन सड़कों पर कोई नहीं उतरा। उन्होंने कहा, मुझे अपनी पार्टी और अपने पार्टी सहयोगियों पर गर्व है कि उन्होंने पूरे जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शन किया।

# ऑस्ट्रेलिया जीत सकता है सीरीज, इस बार भारतीय टीम कमजोर लग रही है : पूर्व महान बल्लेबाज

### –ग्रेग चैपल ने मना, पंत और बुमराह के बिना भारतीय टीम कमजोर लग रही



**मेलबर्न (एजेंसी)।** पूर्व महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि आस्ट्रेलिया चार मैचों की आगामी टेस्ट सीरीज जीत सकता है क्योंकि ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम कमजोर लग रही है। पंत सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद से लगभग पूरे साल नहीं खेल सकेंगे जबकि कमर की चोट से जूझ रहे बुमराह पहले दो टेस्ट से बाहर है। चैपल ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में लिखा, 'आस्ट्रेलिया सीरीज जीत सकता है। ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम कमजोर लग रही है। विराट कोहली पर बहुत अधिक दारोमदार होगा।'

हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने घुटने की चोट से उबरने के बाद रणजी ट्रॉफी के जरिये वापसी की और वह बृहस्पतिवार से नागपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिये टीम में हैं। चैपल ने कहा कि टर्निंग विकेटों पर नाथन लियोन की जगह एश्टोन एगर को तरजीह दी जानी चाहिये। उन्होंने कहा, '' स्पिनरों की मददगार पिच होने पर एश्टोन एगर को चुना जाना चाहिये क्योंकि ऊंगली की स्पिन अधिक सटीक होती है। अनिल कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट लिये और वह तेज, सपाट लेग ब्रेक डालता था। बल्लेबाजों को पता होता था कि चूकने पर उनका विकेट गिर सकता है। एगर को भी यही करना होगा।' उन्होंने यह भी कहा कि आस्ट्रेलिया को कई पहलुओं पर काम करना होगा।

उन्होंने कहा, '' डेविड वॉर्नर फॉर्म में नहीं है और भारत में उन्हें अपना टेस्ट रिकॉर्ड बेहतर करना होगा। उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कारी, ट्रेविस हेड और कैमरन ग्रीन को शानदार स्पिनरों के सामने खुद को परखना होगा। मार्नस लाबुशेन अपने कैरियर का पहला बड़ा टेस्ट देंगे।' चैपल ने कहा, 'आस्ट्रेलिया को अपनी प्रतिभा और हुनर का पूरा निचोड़ लगाना होगा। भारत में जीतना अब उतना मुश्किल नहीं है। अब नियमित दौरे हो रहे हैं और आईपीएल से काफी अनुभव मिल ही गया है।'

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट नागपुर में



### – भारतीय स्पिनरों से निपटने के लिए हो रही खास तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट नागपुर में खेला जाएगा। मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी। पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बेंगलुरु में डेरा डाला हुआ है और भारतीय स्पिन गेंदबाजों से निपटने के लिए खास तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने आर अश्विन का सहारा लिया है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया टीम की जो मदद कर रहे हैं, वो अश्विन के डुप्लीकेट हैं। इस गेंदबाज का नाम महेश पिथिया है। जो बड़ौदा की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। महेश पिथिया ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को इसलिए प्रैक्टिस करा रहे। क्योंकि वो भी अश्विन की तरह ऑफ स्पिनर हैं और उनका एक्शन काफी हद तक अश्विन जैसा ही है। इसी वजह से उन्हें अश्विन का डुप्लीकेट कहा जाता है। वो भी अश्विन की तरह बाएं हाथ के बल्लेबाजों को काफी परेशान करते हैं। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि महेश ने 11 साल की उम्र तक तो अश्विन को गेंदबाजी करते नहीं देखा था। क्योंकि उनके घर में टीवी ही नहीं था। महेश ने पहली बार 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आर अश्विन को गेंदबाजी करते देखा था। वही समय था जब उन्होंने आर अश्विन को अपना आयडल मान लिया था और उसके बाद से इस दिग्गज ऑफ स्पिनर को फॉलो करना शुरू किया। पिछले साल दिसंबर में महेश ने बड़ौदा की तरफ से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था।ऑस्ट्रेलिया के लिए बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में सबसे बड़ा खतरा आर अश्विन ही होंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम को जैसे ही अश्विन के डुप्लीकेट के बारे में पता चला। उन्होंने फौरन उसे ट्रेनिंग के लिए बुला लिया। पिथिया का नाम ऑस्ट्रेलिया के असिस्टेंट कोच आंद्रे बोरेवेच के सामने रखने वाले प्रीतेश जोशी थे, जो खुद ऑस्ट्रेलिया की ट्रेनिंग कैंप का हिस्सा हैं। महेश ट्रेनिंग में ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाजों को खासतौर पर ट्रेनिंग करा रहे। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया टीम में डेविड वॉर्नर, मैट रेनेशॉ, ट्रेविस हेड और उस्मान ख्वाजा जैसे बाएं हाथ के बैटर हैं और अश्विन इन बल्लेबाजों के लिए परेशानी बन सकते हैं। इसलिए अलूर में खासतौर पर तैयार किए गए टर्निंग ट्रैक पर महेश पिथिया इन बल्लेबाजों को तैयारी करा रहे। उन्होंने बिना थके घंटों नेट्स पर गेंदबाजी की।दो हफ्ते पहले नागपुर के विदर्भ क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी का एक मैच खेला गया था। इसमें गुजरात की टीम 72 रन का पीछा करते हुए 54 रन पर आउट हो गई थी। 9 विकेट बाएं हाथ के स्पिनर ने लिए थे। भारत के पास भी रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव के रूप में बाएं हाथ के स्पिनर हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट यहीं खेला जाना है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई खेमा भारत के स्पिन गेंदबाजों को लेकर डरा हुआ है। इसलिए अश्विन नहीं तो उनके डुप्लीकेट से ही जीत की रणनीति तैयार करने में जुट गए। बता दें कि भारत-आस्ट्रेलिया के बीच 4 टेस्ट की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 9 फरवरी से शुरू होगी। इस बार ऑस्ट्रेलिया ने टूर मैच न खेलने का फैसला करते हुए सिर्फ ट्रेनिंग पर फोकस करने का काम किया है।

## स्मिथ भारत के लिए चुनौती, लेकिन अक्षर इस चुनौती से निपट सकते : इरफान



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतना काफी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इस सीरीज में जीत के साथ भारत के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का राह आसान होगी। नौ फरवरी से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ के रूप में होगा। स्मिथ ने भारत में 14 टेस्ट मैचों में 1742 रन बनाए हैं, इतना ही नहीं भारत में उनका टेस्ट औसत 72.58 का है। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान ने कहा है कि स्मिथ भारत को चुनौती दे सकते हैं, लेकिन उनका मानना है कि भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल स्मिथ के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। इरफान ने कहा कि भारत को स्मिथ के खिलाफ एक उचित योजना बनाने की आवश्यकता है।

इरफान ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि स्मिथ निश्चित रूप से एक ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज हैं। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई इतिहास को भी गौर करे तब वह उस मुकाम पर हैं। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों को बहुत परेशान किया है, उन्होंने शतक जड़े हैं। भले ही उनके पास ठोस बॉटम हैंड से शॉट खेलने की कला है, लेकिन फिर भी वह विकट के सामने, ऑफ और लेग साइड पर रन बनाने के तरीके ढूंढते हैं। हमें स्मिथ के सामने एक उचित योजना बनाने की आवश्यकता है। इरफान ने कहा, स्टीव स्मिथ की चुनौती भारतीय टीम के लिए होगी, लेकिन मुझे लगता है कि एक व्यक्ति, जो मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और जो वास्तव में स्मिथ के खिलाफ खतरा बन सकता है, वह अक्षर पटेल है। इरफान ने कहा कि अगर अक्षर लगातार स्टंप पर गेंदबाजी करते हैं, तब स्मिथ को परेशानी हो सकती है, क्योंकि स्मिथ निचले हाथ का काफी इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा,वह जिस लाइन और लेंथ में गेंदबाजी करते हैं, जिस सीधी गेंद से वह गेंदबाजी करते हैं, वह स्मिथ को एलबीडब्ल्यू या बोल्ड कर सकते हैं। खासकर, इसलिए क्योंकि स्मिथ अपने निचले हाथ का बहुत उपयोग करते हैं।

# दुनिया के किसी भी गेंदबाज से नहीं डरते बटलर, बुमराह के सामने हो जाती है सिट्टी-पिट्टी गुम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मौजूदा कप्तान जोस बटलर मौजूदा समय में किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं. उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी की पूरी दुनिया दीवानी है. उन्होंने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मुकाबले में जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा था. यहां उन्होंने पांचवें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए कुल 127 गेंदों का सामना किया. इस बीच 103.15 की स्ट्राइक रेट से 131 रन की उम्दा शतकीय पारी खेली.

इस दौरान उनके बल्ले से छह चौके एवं सात बेहतरीन छक्के निकले. बटलर और मलान के इस उम्दा पारी के बदौलत इंग्लिश टीम को तीसरे वनडे मुकाबले में 59 रन से बड़ी जीत मिली. जोस बटलर ने कुछ खास पहलुओं पर बात की. उन्होंने बताया कि उन्हें दुनिया के किस गेंदबाज के सामने बल्लेबाजी करने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है. यह कोई और नहीं भारत के ही तेजतर्रार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं. बटलर के मुताबिक बुमराह दुनिया के सबसे खतरनाक गेंदबाज हैं.

दरअसल, बटलर से जब पूछा गया कि अपने क्रिकेट करियर में अबतक किस सबसे तेज गेंदबाज का सामना किया है, तो उन्होंने जवाब देते हुए जसप्रीत बुमराह का नाम लिया. बता दें टी20 प्रारूप में बुमराह ने बटलर को चार बार अपना शिकार बनाया है. बटलर का बल्ला मौजूदा समय में जमकर चल रहा है. अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में निकली 131 रन की पारी उनके वनडे करियर की 11वीं शतकीय पारी रही. वनडे प्रारूप में बटलर पांचवें क्रम पर या उससे नीचे आकर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं. उन्होंने इस क्रम पर कुल आठ शतक लगाए हैं. बटलर के बाद धोनी और युवराज सिंह का नाम आता है. इन दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें या उससे निचले क्रम पर आकर क्रमशः सात-सात शतक लगाए हैं. इसके बाद एबी डिविलियर्स, इयोन मॉर्गेन और सायमंड्स जैसे दिग्गज आते हैं. इन बल्लेबाजों ने अपने वनडे करियर में नंबर पांच या उससे नीचे आकर क्रमशः छह-छह शतक लगाए हैं.

## आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप में 12 फरवरी को पाकिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली ।भारत और पाकिस्तान की टीमों का मुकाबला आईसीसी टूर्नामेंट में ही देखने को मिलता है।हर किसी को इन दोनों देशों के बीच होने वाली टक्कर का इंतजार रहता है।पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की पुरुष टीमों का मुकाबला हुआ और अब नए साल में महिला टीमों के बीच इसी फॉर्मेट के विश्व कप में मुकाबला होने जा रहा है।साउथ अफ्रीका में आईसीसी टी20 विश्व कप का आठवां एडिशन होने जा रहा है।टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ ही करने जा रहा है।पिछली बार की उप विजेता टीम इंडिया हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में एक बार फिर से खिताब जीतने की दावेदार है। 10 फरवरी से 26 फरवरी के बीच खेले जाने वाले टूर्नामेंट में 10 टीमों भाग ले रही हैं। भारत को ग्रुप बी में इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है।आईसीसी टी20 विश्व कप में टीम इंडिया पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 12 फरवरी को खेलने उतरेगी।इसके बाद 15 फरवरी को भारत का सामना वेस्टइंडीज की टीम के साथ होगा। 18 फरवरी को भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलने उतरेगी।

## मैं 2026 फीफा विश्व कप में खेलने पर विचार कर रहा हूं, लेकिन ये कई बातों पर निर्भर करेगा : लियोनेल मेसी



ब्यूनस आयर्स ।अर्जेंटीना फुटबाल टीम के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा है कि वह 2026 फीफा विश्व कप में खेलने पर विचार कर रहे है, लेकिन उनकी भागीदारी कई बातों पर निर्भर होगी।इसके पहले मेसी ने कतर में 2022 विश्व कप फुटबॉल के बाद संन्यास की घोषणा की थी।विश्व कप में मेसी ने सात गोल किए और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।मेसी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में टूर्नामेंट के दौरान 39 साल के हो जाएंगे। 35 वर्षीय मेसी ने बताया कि मुझे नहीं पता, मैंने हमेशा कहा है कि उम्र के कारण मुझे लगता है कि 2026 टिके रहना मुश्किल होगा।मुझे फुटबॉल खेलना पसंद है और जब तक फिट महसूस करता हूं और इसका आनंद लेना जारी रखूंगा।लेकिन अगले विश्व कप तक बहुत कुछ कई चीजों पर निर्भर करेगा।अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने पिछले साल दिसंबर में कहा था कि वह मेसी के लिए नंबर 10 की टीशर्ट तब तक रखूंगा, जब तक वह खेलना चाहते हैं।इस बीच, मेसी ने कहा कि 18 दिसंबर, 2022 को लुसैल में विश्व कप फाइनल में फांस पर अर्जेंटीना की पेनल्टी शूटआउट जीत के बाद भी वह भावनात्मक रुप से उच्च स्तर पर था। मेसी ने कहा कि मेरे करियर के अंत में इस हासिल करना आश्चर्यजनक था।उन्होंने कहा कि मेरा करियर लगभग समाप्त हो चुका है और मुझे नहीं लगता कि इससे बेहतर कुछ हो सकता है।

## बीबीएल: पर्थ स्कॉचर्स बनी चैंपियन, फाइनल में ब्रिस्बेन हीट को चटाई धूल




**स्पोर्ट्स डैस्क (एजेंसी)।** बिग बैश लीग (बीबीएल) के 12वें संस्करण के फाइनल मुकाबले में पर्थ स्कॉचर्स ने ब्रिस्बेन हीट को 5 विकेट से हराकर बीबीएल का खिताब अपने नाम कर लिया है। ब्रिस्बेन हीट ने फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रनों का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में पर्थ स्कॉचर्स ने 20वें ओवर की दूसरी गेंद में लक्ष्य हासिल कर लिया। पर्थ स्कॉचर्स ने पांचवी बार बीबीएल का खिताब अपने नाम किया है।

मैच में ब्रिस्बेन टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। ब्रिस्बेन की ओर से कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। ब्रिस्बेन की ओर से सबसे बड़ी पारी नाथन मैकस्वीनी के रूप में आई, उन्होंने 37 गेंदों पर 41 रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज जोश ब्राउन 12 गेंदों में 25 रन और सैम हेजलेट 30 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नाथन मैकस्वीनी ने टीम को संभाला, हालांकि वह भी ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाज मैक्स ब्रायंट ने 14 गेंदों में 31 रन और सैम हेन ने 16 गेंदों में 21 नाबाद रनों की पारी खेली और ब्रिस्बेन टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। पर्थ स्कॉचर्स की ओर से जेसन बेहरेनडॉर्फ और मैथ्यू कैली ने 2-2 विकेट चटकाए, जबकि डेविड पेन, ऐरोन हार्डी और एंड्रयू टाए तीनों गेंदबाजों ने 1-1 विकेट हासिल की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पर्थ स्कॉचर्स की ओर से एशटन टर्नर ने 32 गेंदों 53 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। सलामी बल्लेबाज स्टीफन एस्किनाजी (21 रन) और कैमरोन बेनक्रॉफ्ट (15 रन) सस्ते में ही चलते बने। इसके बाद ऐरोन हार्डल (17 रन) और जोश इंग्लिस (26) कुछ खास नहीं कर पाए। पांचवे नंबर पर आए टर्नर ने पर्थ की पारी को संभाला। उनके आउट होने के बाद निक होबसन ने 7 गेंदों में नाबाद 18 रन और कूपर कोनोली ने 11 गेंदों में 25 नाबाद रनों की तूफानी पारी खेली, जिसके चलते पर्थ टीम ने 20वें ओवर की दूसरी गेंद में लक्ष्य हासिल कर लिया।

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स के लिए लांच किया गया थीम सॉन्ग, गुलमर्ग में 10 से 14 फरवरी तक होगा आयोजन

नई दिल्ली ।जम्मू एवं कश्मीर के गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर का आयोजन 10 से 14 फरवरी के बीच किया जाएगा।विंटर गेम्स के आयोजन से पहले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और उप राज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने खास कार्यक्रम में इसका थीम सॉन्ग, शुभंकर आदि लॉन्च किया।खेलो इंडिया विंटर गेम्स के तीसरे संस्करण के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इसके थीम सॉन्ग, शुभंकर को लॉन्च किया है।शनिवार को जम्मू के उपराज्यपाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में जर्सी भी जारी की गई है।इस वर्ष विंटर गेम्स का आयोजन 10 से 14 फरवरी तक किया जाएगा।इस दौरान सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अमृत काल के पहले बजट में विकसित भारत के संपूर्ण संकल्प की नींव रखी है। इस बजट में गरीबों, महिलाओं, मजदूरों, मध्यम वर्ग, युवाओं, किसानों, एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लोगों के लिए कुछ ना कुछ जरुर है।गुलमर्ग में होने वाले खेलों में देश भर के लगभग 1500 एथलीट हिस्सा लेंगे और 9 खेल आयोजनों में खेले जाएंगे।इसमें ओपन आइस हॉकी चैंपियनशिप, फिगर स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग जैसे खेल शामिल है।खेलो इंडिया विंटर गेम्स का पहला संस्करण 2020 में हुआ था और मेजबान जम्मू और कश्मीर अब तक खेलों के दोनों संस्करणों में शीर्ष पर रहे हैं। बता दें कि खेलो इंडिया शीतकालीन खेल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित है और इसका आयोजन जम्मू एवं कश्मीर खेल परिषद के साथ–साथ जम्मू एवं कश्मीर के विंटर गेम्स एसोसिएशन द्वारा किया जाता है।

## टी20 फॉर्मेट में 500 मैच खेलने वाले पाकिस्तान के पहले व दुनिया के तीसरे क्रिकेटर बने शोएब मलिक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 41 साल की उम्र में शोएब मलिक ने अहम उपलब्धि हासिल की है। टी20 फॉर्मेट में 500 मैच खेलने वाले पाकिस्?तान के पहले और दुनिया के तीसरे क्रिकेटर बन गए हैं। शोएब मलिक ने यह रिकॉर्ड शुक्रवार को बांग्?लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल 2023) में रंगपुर राइडर्स की ओर से खेलते हुए बनाया। वेस्?टइंडीज के कीरेन पोलार्ड (614 मैच) और ड्वेन ब्रावो (556 मैच) ही इस मामले में उनसे आगे हैं।

बीपीएल में शुक्रवार को ढाका डोमिनेटर्स और रंगपुर राइडर्स के बीच मैच खेला गया। मुकाबला शुरू होने से पहले रंगपुर राइडर्स के खिलाड़ियों की ओर से शोएब मलिक की इस उपलब्धि पर उन्?हें 'गॉर्ड ऑफ ऑनर' मिला। मैच में शोएब सिर्फ 7 रन ही बना सके पर उनकी टीम 2 विकेट से जीत दर्ज करने में कामयाब रही। मलिक ने अपने टी20 करियर के 500 मैचों में 127 के स्ट्राइक रेट से 12287 रन बनाए हैं।

चंद रोज पहले ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में पाकिस्तान के ऑलराउंडर ने कहा था कि मैं अभी क्रिकेट खेलता रहूंगा। शोएब ने कहा, मैं टीम का सबसे सीनियर खिलाड़ी हो सकता हूं, पर आप मेरी फिटनेस की तुलना 25 साल के खिलाड़ी से कर सकते हैं। मुझे अभी भी लगता है कि मेरे अंदर क्रिकेट खेलने की भूख है। इसलिए रिटायरमेंट के बारे में न सोचते हुए मै क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा।

शोएब मलिक की वाइफ और टेनिस स्टार सानिया मिर्जा कोर्ट को अलविदा कह चुकी हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 उनका आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट था। सानिया और रोहन बोपन्ना की जोड़ी टूर्नामेंट के मिक्सड डबल्स के फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे हार का सामना करना पड़ा। सानिया जब रनर अप ट्रॉफी लेने पहुंची तो वह इमोशनल हो गईं और उनका गला रुंध गया। अपने टेनिस के सफर को याद करते हुए सानिया की आंखों में आंसू आ गए थे।

## दिग्गज रेसलर द रॉक पर टूटा दुखों का पहाड़

### –रेसलर की मां सड़क हादसे का हो गई शिकार

नई दिल्ली ।दिग्गज रेसलर द रॉक पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।रेसलर की मां सड़का हादसे का शिकार हो गई हैं।द रॉक के नाम से मशहूर ड्वेन डगलस जॉनसन ने स्वयं इसकी जानकारी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल के माध्यम से फैन्स को दी। रेसलर ने बताया कि हादसे के उनकी मां अता जॉनसन बाल–बाल बच गई हैं।उनकी कार एक शराबी ड्राइवर की कार से आमने–सामने से टकरा गई।द रॉक ने बताया कि यह शराबी ड्राइवर दरअसल आत्महत्या का प्रयास कर रहा था।जिसके चलते वो गलत लेन में आ गया और उसकी कार मां की कार से आमने–सामने से टकरा गई।द रॉक ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी कार की तस्वीर भी फैन्स के साथ शेयर की।उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा, भगवान आपका शुक्रिया, मां ठीक हैं।बीती रात मेरी मां पर भगवान ने दया दिखाई। उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। एक शराबी ड्राइवर ने आत्महत्या का प्रयास किया।मां इस हादसे में बच गई हैं।द रॉक ने बताया कि मेरी मां ने लंग कैंसर (फेफड़ों का कैंसर) से लड़ी।उनकी शादीशुदा जिंदगी भी काफी चुनौतियों से भरी रही। एक पागल ड्राइवर द्वारा आमने–सामने की टक्कर से बचाकर भगवान ने चमत्कार किया है।मेरे पास एक ही पेरंट (अभिभावक) है। एलएपीडी एंडएलएएफडी को भी धन्यवाद जिन्होंने इतना ध्यान दिया।फोन पर ये लगातार थे और मुझे जानकारी दी। रिंग में द रॉक को देखे फैन्स को एक अरसा बीत गया है। माना जा रहा है कि वरेस्टमेनिया 39 में वो एक बार फिर रिंग में नजर आ सकते हैं।मां के साथ हुए इस हादसे के बाद अब एक बार फिर यह चर्चाएं गर्म हो गई हैं कि वो इस मुकाबले से पीछे हट सकते हैं।द रॉक की मां के साथ हुए इस हादसे के बाद फैन्स भी सदमे में हैं।

# मैं कभी कुछ ऐसा नहीं करुंगी जिससे देश और मेरा नाम खराब हो : दीपा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 21 महीने का प्रतिबंध झेल रही भारतीय जिम्नास्टिक स्टार दीपा कर्माकर ने कहा कि मामला बिना किसी परेशानी के निपटाने के लिए उन्होंने अस्थायी निलंबन स्वीकार किया था। कर्माकर ने कहा कि उन्होंने अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ हिजेनामाइन (एस3 बीटा2) का सेवन किया जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की प्रतिबंधित सूची में है।

कर्माकर ने ट्वीट किया, मैंने अनजाने में उसे लिया और मुझे पता नहीं कि उसका स्रोत क्या था। मैंने अंतरराष्ट्रीय महासंघ के साथ मामला बिना किसी परेशानी के निपटाने के लिए अस्थायी निलंबन स्वीकार कर लिया। कर्माकर का प्रतिबंध इस साल दस जुलाई को खत्म होगा क्योंकि उसके नमूने 11 अक्टूबर 2021 को लिए गए थे। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट में चौथे स्थान पर रही कर्माकर 2017 में सर्जरी के बाद से चोटों से जूझ रही है। उनका आखिरी टूर्नामेंट बाकू में 2019 विश्व कप था। कर्माकर ने कहा कि डोपिंग मामला उसके जीवन की सबसे कठिन जंग थी।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि वह मेरे शरीर में कैसे आया। यह मेरे जीवन की सबसे कठिन मानसिक लड़ाई थी। ऐसी लड़ाई जो किसी को भी तोड़ सकती है। उन्होंने कहा, '' मैंने 2017 और 2019 में सर्जरी कराई और मैदान पर लौटने के बाद फिर एक और झटका लगा। मैं अब मजबूती से वापसी कराना चाहती हूं। कर्माकर ने खुशी जताकर कहा कि मामला सहमति से सुलझ गया है और अब वह जुलाई में वापसी करेगी। उन्होंने कहा, मैंने अपने कैरियर में कभी भी प्रतिबंधित दवा के सेवन के बारे में सोचा भी नहीं। मैं कभी ऐसा कुछ नहीं करूंगी जिससे मेरा या देश का नाम खराब हो।

## सऊदी इंटरनेशनल गोल्फ में शुभांकर शर्मा शीर्ष भारतीय

काएक। शुभांकर शर्मा 50 लाख डॉलर ईनामी राशि के सऊदी अंतरराष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट के कट में प्रवेश करने में कामयाब रहे।शर्मा के अलावा भारत के शिव कपूर, राशिद खान और अनिर्बान लाहिड़ी ने भी 36 होल के कट में जगह बना ली।अजितेष संधू, गगनजीत भुल्लर और वीर अहलावत हालांकि चूक गए। कैमरन स्मिथ जैसे बड़े खिलाड़ी भी कट में प्रवेश नहीं कर पाये।मैक्सिको के अब्राहम एंसेर चार अंडर पार 66 के स्कोर के साथ बढत बनाये हुए हैं।



# मदालसा ने ससुर मिथुन दा के डॉग लव के बारे में की बात

स्टारप्लस का सबसे लोकप्रिय फैमिली ड्रामा अनुपमा दो साल से अधिक समय से एक बड़ा हिट रहा है, जिसने बड़े पैमाने पर दर्शकों की संख्या बटोरी और अपनी आकर्षक कहानी और प्रतिभाशाली स्टारकास्ट के कारण भारत का टॉप रेटेड हिंदी फिक्शन शो बन गया। शो का प्रीमियर 2020 में हुआ और हर हफ्ता टॉप टीआरपी रेटिंग हासिल करता रहा। यह भारतीय टेलीविजन पर सबसे लोकप्रिय सीरीज में से एक बन गया है, जो इसकी भारी सफलता को प्रदर्शित करता है। हाल ही में, काव्या शाह की भूमिका निभाने वाली अनुपमा अभिनेत्री मदालसा शर्मा ने डॉग्स के प्रति अपने प्यार के बारे में बात की। मदालसा शर्मा ने बताया कि कैसे उनके ससुराल वालों को भी वही प्यार है। वह एक बड़ी डॉग लवर है और जब वह अपने ससुराल चली गई, यानी मिथुन चक्रवर्ती के घर जोकि उनके फादर इन लॉ हैं, उन्हे भी डॉग्स का बहुत शौक है। एक समय था जब उनके घर में करीब 65 डॉग थे और उसी के बारे में बात करते हुए, मदालसा साझा करती हैं, मिथुन दा डॉग्स के बेहद शौकीन हैं और मेरी सास भी। एक समय हमारे पास कुल मिलाकर 65 डॉग्स थे। ऊटी से लेकर कोयम्बटूर तक, जहां भी मेरे ससुराल वाले रहे हैं, डॉग्स मेरे जीवन का हिस्सा रहे हैं। उनके जीवन का एक प्रमुख हिस्सा। इसलिए जब मैं एक ऐसे परिवार में आई जहां डॉग्स को इतना प्यार किया जाता है, तो मेरे लिए यह चैरी ऑन द टॉप जैसा था। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मेरे घर में हर कोई डॉग लवर है।मदालसा ने कहा, एक स्टाफ है जो कुत्तों की देखभाल करता है, क्योंकि जब आप एक कुत्ते की देखभाल कर रहे होते हैं, तो आप एक बच्चे की देखभाल कर रहे होते हैं। जहां उन्हें तैयार करना होता है, नहलाना होता है, समय पर उनका लंच और डिनर देना होता है, घूमाने के लिए बाहर ले जाना होता है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और जब आपके पास बड़ी संख्या में डॉग्स होते हैं, तो आपको उनकी देखभाल करने और उन्हें प्यार करने के लिए बहुत से लोगों की आवश्यकता होती है।





# खुद को परफेक्ट हसबैंड नहीं मानते विक्की कौशल

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल बी-टाउन के फेवरेट कपल में से एक है। दोनों की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते हैं। कैटरीना और विक्की अक्सर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इजहार करने से नहीं कतराते हैं। लेकिन विक्की खुद को परफेक्ट हसबैंड नहीं मानते हैं। लाइफस्टाइल एशिया को दिए एक इंटरव्यू के दौरान विक्की कौशल ने कैटरीना के शादी के बाद अपने जीवन में आए बदलावों के बारे में बात की। विक्की ने कहा, जब आप एक व्यक्ति के साथ रहना शुरू करते हैं और वह आपका पार्टनर होता है, तो आप बहुत कुछ सीखते हैं। विक्की कौशल ने कहा, मैं ये नहीं कह सकता कि मैं एक परफेक्ट हसबैंड हूं। मैं किसी भी मायने में परफेक्ट नहीं हूं, लेकिन मैं कोशिश करता हूं कि मैं हर मोमेंट में एक अच्छा पति बन सकूं। यह सच है कि मैं कल पहले से बेहतर हो जाऊंगा, मैं हमेशा अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं। बता दें कि विक्की कौशल और कैटरीना कैफ दिसंबर 2021 में राजस्थान में शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों की शादी में परिवार के अलावा कुछ खास दोस्त ही शामिल हुए थे।

# अंगद और नेहा की जोड़ी पहली बार दिखेंगी पर्दे पर एक साथ

बॉलीवुड दंपति अंगद बेदी और नेहा धूपिया पहली बार पर्दे पर साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग खत्म हो चुकी है और इसकी शूटिंग मुंबई में की गई है। यह जोड़ी एक कॉमेडी-ड्रामा के लिए साथ आ रही है, जिसे लोकप्रिय लेखक चेतन भगत ने लिखा है। अंगद राघवन राव का किरदार निभाएंगे और नेहा उनकी पत्नी सावी की भूमिका निभाएंगी। कहानी कोविड लॉकडाउन के दौरान एक शादीशुदा जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। एक सूत्र ने खुलासा किया, यह एक मजेदार कहानी है जो एक कपल और उनके साझा रिश्ते पर आधारित है जो कोविड लॉकडाउन के दौरान एक साथ रह रहे हैं। यह पहली बार है जब नेहा और अंगद एक दूसरे के विपरीत रोल निभा रहे हैं और परियोजना हाल ही में पूरी हुई है।





## बॉलीवुड में 4 दशक तक काम करने के बाद अनिल ने साझा किए खास पल

बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर ने हिंदी सिनेमा में अपने 40 से अधिक वर्षों के सफर को संक्षेप में प्रस्तुत किया है, जहां उन्हें कई पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा गया। अनिल ने इंस्टाग्राम पर बॉलीवुड में अपने चार दशकों के सफर की कई तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में दिखाया गया है कि अनिल शोबिज उद्योग में अपने काम के दौरान कई पुरस्कार जीत चुके हैं। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, 4 दशकों में जब मैं आसपास रहा हूं, समय बदल गया है, प्रतिभा बदल गई है, पसंद बदल गई है और दर्शक निश्चित रूप से बदल गए हैं .. एक चीज जो नहीं बदली है वह है कड़ी मेहनत का गुण, दृढ़ता और दृढ़ विश्वास, और वे पर्याप्त पुरस्कार हैं.. लेकिन कुछ पुरस्कार चोट नहीं पहुंचाते हैं। अपने करियर में 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके 66 वर्षीय अभिनेता ने मेरी जंग में अपनी भूमिकाओं के साथ खुद को एक प्रमुख स्टार के रूप में स्थापित किया। बाद में उन्होंने कर्मा, मि. इंडिया, परिंदा, तेजाब, 1942- ए लव स्टोरी, ताल, नायक, वेलकम, रेस, दिल धड़कने दो, मलंग और जुगजग जीयो जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने डैनी बॉयल की अकादमी पुरस्कार विजेता फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर के साथ अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों में अपनी शुरुआत की।



## एक बार फिर खतरे में आई राखी की शादी

एंटरटेनमेंट क्वीन राखी सावंत के ऊपर इस वक्त दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अभी वह मां के निधन के दुख से उभरी भी नहीं थी, कि अब उनकी शादी टूटने का खतरा मंडरा रहा है। इस बात का खुलासा राखी ने खुद मीडिया के सामने किया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में राखी कहती हुई नजर आ रही हैं कि- मैं बहुत परेशान हूं, तु मुझे मार क्यों नहीं देता खुदा, मुझे मेरी शादी बचानी है। शादी कोई मजाक नहीं है। किसी को क्या मिलता है मेरी शादीशुदा जिंदगी में आकर। इस दौरान राखी फूट-फूट कर रोती नजर आ रही हैं। वह रोते हुए आगे कहती हैं- अरे बंद करो मेरे ऊपर जुल्म।

इस वीडियो को देख यूजर्स भी अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा- शादी करती हीं क्यों हो, नौटंकी करने के लिए। दसरे यजर ने लिखा- इस फर्जी का कुछ नहीं हो सकता। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा- यह थकती नहीं है मीडिया के सामने रोते और तमाशा करते।

**-राखी ने आदिल खान दुर्रनी संग की है शादी**

बता दें कि, हाल ही में राखी ने बॉयफ्रेंड आदिल खान दुर्रानी संग शादी की बात का खुलासा किया था। वहीं, कुछ टाइम तक आदिल ने इस बात को मानने से इंकार कर दिया था। हालांकि, बाद में आदिल ने भी राखी संग शादी की बात स्वीकार कर ली थी। अब ऐसा क्या हो गया है कि राखी फिर से शादी को लेकर परेशान हो गई हैं।



# द कपिल शर्मा शो छोड़ने की खबरों पर सिद्धार्थ ने दी प्रतिक्रिया

द कपिल शर्मा शो एक बार फिर सुर्खियों में आ गया जब ऐसी खबरों ने जोर पकड़ा कि कॉमेडियन सिद्धार्थ सागर ने यह शो छोड़ दिया है. कृष्णा अभिषेक, भारती सिंह, अली असगर, सुनील ग्रोवर और चंदन प्रभाकर जैसे लोकप्रिय कॉमेडियन के बाद अब उन्होंने भी शो को अलविदा कह दिया है. उनके बाहर निकलने के कारणों में रचनात्मक मतभेद, भुगतान के मुद्दे और कॉमेडियन और शो के प्रबंधन के बीच समस्याएं जैसी चीजें शामिल हैं.

**-सिद्धार्थ सागर ने शेयर किया वीडियो**

सिद्धार्थ सागर लंबे समय तक द कपिल शर्मा शो से भी जुड़े है और उन्होंने कथित तौर पर शो छोड़ने का फैसला कर लिया है. यह भी दावा किया गया था कि सिद्धार्थ निर्माताओं से फीस में बढ़ोतरी चाहते थे और निर्माताओं ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया. इसलिए उन्होंने शो को बीच में ही छोड़ने का फैसला किया. हालांकि

इंस्टाग्राम पर लाइव किया.

**-कपिल शर्मा शो को छोड़ने की खबरों को अफवाह बताया**

अपने लाइव वीडियो में सिद्धार्थ सागर ने खुलासा किया कि वह द कपिल शर्मा शो नहीं छोड़ रहे हैं और इन खबरों को आधारहीन बताया. कॉमेडियन ने कहा कि उन्होंने कपिल शर्मा और चैनल से बात की है और उनके बीच अच्छे संबंध हैं. उन्होंने यह भी कहा कि प्रशंसक उन्हें कपिल शर्मा के शो में देखते रहेंगे और मनोरंजन बंद नहीं होगा. सिद्धार्थ ने सभी से उनके शो छोड़ने के बारे में झूठी खबरों पर विश्वास न करने का अनुरोध किया. बता दें कि सिद्धार्थ, द कपिल शर्मा शो में सेल्फी मौसी, उस्ताद घरछोड़दास, फनवीर सिंह

निभाते हैं.

**-इस वीकेंड शो में दिखेगी शहजादा की टीम**

गौरतलब है कि सिद्धार्थ सागर के साथ, दर्शकों के पसंदीदा शो में कपिल शर्मा, कीकू शारदा, सुमोना चक्रवर्ती, अर्चना पूरन सिंह, सृष्टि रोडे, गौरव दुबे, इशितयाक खान और श्रीकांत जी मास्की भी शामिल हैं. अर्चना पूरन सिंह ने जज की कुर्सी संभाल रखी है. हर वीकेंड पर फिल्म इंडस्ट्री के सेलेब्स इस शो में अपनी मौजूदगी दर्शाते हैं. इस वीकेंड शो में वरुण धवन, कृति सैनन के साथ शहजादा की टीम शो में नजर आयेगी. इसके प्रोमो जारी कर दिये गये हैं.




# साइबर-थ्रिलर फिल्म के लिए तैयार अनन्या

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एक साइबर-थ्रिलर फिल्म के लिए तैयार हैं। शीर्षक वाली फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें लुटेरा, उड़ान, भावेश जोशी सुपरहीरो और एके बनाम एके जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्म के बारे में बात करते हुए अनन्या ने कहा, जब विक्रमादित्य मोटवानी ने इस कहानी के साथ मुझसे संपर्क किया, तो मुझे पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। एक फिल्म निर्माता के रूप में, जब तक मुझे याद है और मुझे लगता है, वह मेरी इच्छा सूची में रहे हैं। अपने करियर की शुरूआत में उनके साथ काम करने का मौका पाकर वाकई खुशकिस्मत हूं। विक्रमादित्य इस फिल्म के प्रमुख हैं, उन्होंने कहा, यह आधुनिक समय की अपील के साथ एक थ्रिलर है और हमारे समय के लिए बहुत प्रासंगिक है। अनन्या पांडे को इस भूमिका में देखना दिलचस्प होने वाला है। हाल ही में फ्लोर पर आई इस फिल्म का निर्माण वीरे दी वेडिंग फेम निखिल द्विवेदी कर रहे हैं, जो वेब सीरीज स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी में भी नजर आए थे।